सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
100 वर्षों की विरासत

# जयपुर माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ■ अंक 11 ■ अप्रेल 2026 ■ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति



माहेश्वरी चाय

स्थापित-1961

65 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...

# माहेश्वरी चाय

आपके कप की चाय

दिन की ताजगी भरी शुरूआत के लिए

आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय




माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि., जयपुर (राज.)

फोन : 0141 - 2740919, 2312723

contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com

www.instagram.com/maheshwari_chai

www.facebook.com/maheshwaritea



वर्ष 16 | अंक 11 | अप्रेल, 2026
RNI NO. RAJBIL/2010/36984
2621644
2623500
2621100
8233681813

जयपुर
माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA
प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
100 वर्षों की विरासत

**संपादकीय**

**परामर्श मंडल**
देवेन्द्र झंवर
चन्द्रमोहन शारदा
श्रीकिशन अजमेरा
नारायण लाल परतानी
बिट्ठल चौधरी
रमेश मूंदड़ा (पूर्व पार्षद)
विमल लढ्ढा
संजय कचोलिया
अखिल माहेश्वरी (शकुन ग्रुप)

**सह-संपादक**
राजेन्द्र मूंधड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
महेश मालपानी (हरमाड़ा)
डॉ. सुनीता पेड़ीवाल
श्रुति लाहोटी

**संपादकीय टीम**
अरुण मंत्री
हेम प्रकाश बाहेती
कमल पेड़ीवाल
पुरुषोत्तम लढ्ढा
मंजू मंत्री
सुमन साबू (मुरलीपुरा)
मितेश चितलांग्या
पुरुषोत्तम काबरा
नरेश झंवर

**विज्ञापन संयोजक**
रामकृष्ण बागला

**विज्ञापन सहसंयोजक**
महेश परवाल (MTC)
श्रीकिशन मालपानी
कमल किशोर मंत्री
अनिल नोवाल
अशोक लढ्ढा
रेखा बिड़ला
नीलेश भूतड़ा

**विज्ञापन संकलन टीम**
दामोदर प्रसाद अटल
भगवान जाजू
शिव मूंदड़ा (मुरलीपुरा)
राकेश झंवर (बंबाला)
लक्ष्मीकांत बांगड़
रघुनन्दन राठी
सुभाष भारती खटोड़
विमल राठी
आलोक लढ्ढा



विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री
98281-12198



मोहन तोषनीवाल
प्रधान संपादक
98290-67553



मधु भूतड़ा 'अक्षरा'
संपादक
98281-53965



प्रिंसा (चारु) बांगड़
संयोजक
99115-00431

# संभावनाएं अपार हैं, दिशा सही रही तो भारत बनेगा AI का अगला सुपरपावर।

विस्मित करने वाली AI की रोचक दुनिया ने बड़ी तीव्र गति से पूरे विश्व में स्वयं का विस्तार किया है।

"जो हुक्म, मेरे आका..."

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के रूप में अलादीन का चिराग आज सभी हाथों में साकार हो उठा है, जो ज्ञान, सृजन और संभावनाओं की अनंत रोशनी बिखेर रहा है। इसी नवयुगीन चमत्कार को समर्पित यह विशेषांक है, जहां वर्तमान तकनीकी को बड़े करीब से महसूस किया जा सकता है।

यह वह अदृश्य जगत है, जो दिखता नहीं है, लेकिन हर जगह काम करता है। यह हमारी बुद्धि से संचालित होनी चाहिए, न कि इससे संचालित हमारी बुद्धि हो।

"Fact Box" के जरिए AI के विषय पर आपके मन में पल रहे सैकड़ों सवालों के सही उत्तर इस पत्रिका के द्वारा प्राप्त होंगे, जो आपके ज्ञान की क्षुधा पूर्ति करेंगे।

सच यह भी है कि अधिकांश लोगों को यह नहीं पता है कि समंदर में बिछी हुई AI (इंटरनेट/डाटा) की तारों को सबमरीन केबल (Submarine Cables) कहा जाता है। अंडर-सी ऑप्टिकल फाइबर केबल के जरिए देशों के बीच इंटरनेट, डेटा और AI सिस्टम का पूरा संचार होता है। नए दौर में AI की तकनीकी समझ अत्यंत आवश्यक है।

*मानव विवेक की छत्र छाया में*
*कृत्रिम बुद्धिमत्ता का हो विस्तार*
*तकनीकी है बस सहयोग मात्र*
*यही वास्तविकता का आधार।*

इस बार की पत्रिका की पठन सामग्री अत्यंत ही रोचक एवं रहस्यमयी है, हर पृष्ठ एक नई जिज्ञासा को आमंत्रित करता है। उत्कृष्ट सृजन और तकनीकी ज्ञान से सुसज्जित यह पत्रिका आपको कैसी लगी? अपने विचार भेजिए, पत्रिका के आगामी विशेषांक में अपना स्थान पाएं।

- मधु भूतड़ा 'अक्षरा'

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर


प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय मंजिल, एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर–302004
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंधी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
फोन : 0141-2621644, 2623500




जब आपका हाथ सहायता के लिए आगे बढ़ता है,
तब किसी की मुश्किलें स्वतः ही पीछे हटने लगती हैं।
आपका छोटा सा साथ, सहयोग और योगदान
किसी के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगा सकता है,
और अंधकार में भी आशा का दीप प्रज्वलित कर सकता है।



**पूनम चन्द भाला**
उपाध्यक्ष (वित्त)
98280 19871

**सीए. नटवर सारड़ा**
अर्थ मंत्री
94140 53388

## महेश सेवा कोष अपील

समाज के सभी बन्धुओं से विनम्र अनुरोध हैं कि 'महेश सेवा कोष' में अधिक से अधिक सहयोग राशि 'महेश नवमी' के पावन पर्व पर भेंट करके जरूरतमंद परिवारों को सम्बल प्रदान करें।

### मासिक सहायता
( वृद्धजन, विधवा बहनों के सहयोग एवं भरण पोषण हेतु )

### चिकित्सा सहायता
महेश अस्पताल एवं सरकारी अस्पताल के चिकित्सा बिलों पर

### शिक्षा सहायता
जयपुर शहर में स्थित सभी शिक्षण संस्थानों के लिए

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन
इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीएस., सीए. एवं अन्य प्रोफेशनल कोर्स के लिए

आप द्वारा दी गई सहयोग राशि NEFT, Cheque एवं UPI के माध्यम से प्रदान करने पर ही आयकर अधिनियम की धारा 80G के अंतर्गत कर छूट के लिए पात्र है।

## "महेश नवमी"

मंगलवार, 23 जून, 2026

### विनम्र आग्रहः

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू**
उपाध्यक्ष (समाज)

**भवानी शंकर बाहेती**
संयुक्त मंत्री

**रामअवतार काबरा**
संयुक्त मंत्री

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष

**देवेन्द्र झंवर**
संगठन मंत्री

**बजरंग लाल सोमानी**
भण्डार मंत्री

**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री

**अनिल कोठ्यारी**
सांस्कृतिक मंत्री

**संदीप मूंदड़ा**
महेश सेवा कोष मंत्री

**अंकित परवाल**
कार्यक्रम संयोजक

बदलते युग की राह में,
नव सोच का हो विस्तार,
संस्कारों संग जुड़े रहें,
तो भविष्य होगा साकार।

प्रिय समाज बंधुओं,

राम-राम, सप्रेम वंदन

वर्तमान युग तेजी से बदल रहा है और आज का मानव तकनीक से पूर्णतः जुड़ चुका है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ती निर्भरता के बीच 'AI' इस समय की सबसे प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरकर सामने आई है, जिसने हमारे कार्य करने और सोचने की दिशा को नया आयाम दिया है।

इस अंक के विषय 'युगबोध : AI का नया दौर' पर विचार करते हुए यह स्पष्ट होता है कि तकनीक ने जीवन को सरल और तीव्र बनाया है, परंतु इसके साथ हमें अपने संस्कार, नैतिक मूल्य और सामाजिक दायित्वों को भी उतनी ही दृढ़ता से निभाना होगा।

श्री माहेश्वरी समाज सदैव सेवा, एकता और संस्कृति का प्रतीक रहा है। आज आवश्यकता है कि हम नई पीढ़ी को आधुनिकता के साथ संस्कारों से जोड़ें, ताकि वे संतुलित और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

आगामी पावन पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर समस्त समाजबंधुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ।

तकनीक के संग बढ़े कदम, पर संस्कार रहे आधार,
सेवा, सद्भाव और एकता से ही सजे समाज व संसार।

आइए, हम सभी इस अवसर पर समाजहित में सकारात्मक कार्यों का संकल्प लें।

सादर प्रणाम।



**उमेश सोनी**
**अध्यक्ष**

"AI के इस युग में बढ़ रही सुविधा अपार
संस्कारों से ही महके जीवन हर बार
अक्षय तृतीया का पर्व लाए खुशियों की बहार,
बुद्ध पूर्णिमा से जग में हो शांति का संचार।"




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053
Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**
G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039
M: +91 93524 79947

सादर जय श्री कृष्ण !

## मेरी नजर से समाज के 100 वर्षों की यात्रा के पड़ाव :

20 के दशक में नींव सृजित हुई,
30 के दशक में सींचा खून पसीने से,
40 के दशक में संगठित होकर, दी आहुति आजादी में,
50 के दशक में लेने लगा स्वप्न आकार,
60 के दशक में पहनाया विधिसम्मत कानूनी जामा, गूंजा सेवा-त्याग-सदाचार,
70 के दशक में की सेवा और बढ़ाया मेलजोल
80 के दशक में की जड़े मजबूत और बढ़ाये कदम,
90 के दशक में किया शिक्षा केंद्रों का व्यापक विस्तार,
2k के पहले दशक में किया निर्माण 'कृष्णधाम वृद्धाश्रम' का
और भवन 'उत्सव' के साथ रचा नूतन इतिहास,
और फिर आई शुभ घड़ी, किया 'अभिनन्दन' भवन का शुभारंभ,
संग 'डायग्नोस्टिक सेंटर' चिकित्सा क्षेत्र में कदम बढ़े खास।

फिर देखी हमने भागम-भाग की दुनिया, जो जा कर थमी कोविड काल में,
चिंतन कर जीवन का सत्य, जयपुर को दिया 'मोक्षधाम' का उपहार,
सभी के उत्तम स्वास्थ्य हेतु 'आरोग्यम' की अनुपम भेंट,
और किया निर्माण 'आनन्दम' का, दी जनमानस को खुशी अपार।

### बीती सदी की बात हुई पुरानी, अब लिखनी होगी समय संग नयी कहानी सुहानी,

आओ बात करें हम Gen-Z और Gen-Alpha की,
जो मस्त है अपने में, नहीं इनको तेरे-मेरे से सरोकार,
होते नित्य भ्रमित ये देख AI के जलवे,
कभी होते प्रफुल्लित, मान उसे वरदान, कभी हो जाते व्यथित, मान उसे अभिशाप,
मान लो और जान लो समाज से हैं इनकी दूरी थोड़ी-थोड़ी,
जोड़ना होगा इनको समाज संग और देने होंगे अवसर शानदार।



**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री

**इसी कड़ी में प्रस्तुत हैं समाज स्तर पर हो रहे कुछ नए प्रयास :**

| | |
|---|---|
| MEDHA | प्रशासनिक एवं न्यायिक सेवाओं के लिए मार्गदर्शन (Active) |
| MOBILE APP | समाज की गतिविधियों एवं सदस्यों की सम्पूर्ण जानकारी (June, 2026) |
| MEGA | समाज बंधुओं के व्यापार आदान-प्रदान के लिए मंच (Coming Soon) |
| MEDITATION | मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक शक्ति के संचार के लिए (1st May) |
| MAHESH CHAUPAL | अनुभवी अग्रजों के साथ चर्चा करने, खेल खेलने, मिलने जुलने का केंद्र (April, 26) |
| MAHESH NAVMI | पारम्परिक समारोह के साथ 'Bhajan Clubbing' जैसे अन्य सरप्राइज (June, 26) |

Scan QR for
Wesak Meditation
Registration

We are ready to Explore Experience & Evolve together.
Join us to make this Mahesh Navmi ever memorable with innovative ideas & youth energy.

- सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)

msjmahamantri@gmail.com

# Building Material Solutions
## To Meet All Your Needs.




Aquaproof offers a wide range of innovative building materials for all stages of construction and repair, from ***FOUNDATION to FINISHING***, for both interiors and exteriors. Backed by cutting-edge Research & Development,

**Key benefits include:**

**User-Friendly:**
Easy application for professionals and DIY projects.

**Cost-Effective:**
Superior performance at competitive prices.

**Eco-Friendly:**
Sustainable solutions with minimal impact on the environment. Aquaproof ensures durable, high - quality, and aesthetically superior structures,making it a trusted partner for builders, architects, and homeowners.

**Application segments of the products are-**

1. **Tile Care**
2. **Plaster & Putty**
3. **Water Proofing**
4. **Concrete Protection & Admixtures**
5. **Stone Care**
6. **Industrial Grouts**
7. **Industrial Floors**
8. **Repairs**
9. **Coating & Paints**
10. **Cleaning Products**
11. **Water Repellent**
12. **Epoxy & PU**

Scan to explore

An ISO: 9001:2015 Certified Company
**Aquaproof Building Solutions Pvt. Ltd.**

Since 2002

601, Corporate Arena, Sitaram Patkar Road,
Goregaon (West), Mumbai 400 104
+91-22-2878 2493/95 | info@aquaproofindia.com
www.aquaproofindia.com

**AQUAPROOF**®
*Quality Building Material Solutions*
*- A Dr. B. L. Maheshwari Enterprise -*

# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



**स्नेहलता साबू**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्



**ज्योति हुरकट**
सचिव
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

जय श्रीकृष्ण,

सभी आदरणीय सदस्यों को मेरा स्नेहपूर्ण नमस्कार,

आज हम एक ऐसे दौर में खड़े हैं जहाँ 'युग बोध' यानी समय की समझ सबसे बड़ी शक्ति बन गई है। हर युग अपने साथ नई चुनौतियाँ एवं नए अवसर लेकर आता है।

आज का युग है Artificial Intelligence (AI) का, यह केवल तकनीक नहीं, बल्कि हमारी सोच, कार्यशैली और जीवनशैली को बदलने वाली क्रांति है। AI आज हर क्षेत्र में परिवर्तन ला रहा है, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य, व्यापार हो अथवा समाज सेवा।

AI केवल एक साधन नहीं, अपितु शक्ति है और इसका सही उपयोग हमारे ही हाथ में है।

हमारे श्री माहेश्वरी समाज की विशेषता हमेशा यही रही है कि हमने हर युग में खुद को ढाला है।

यही कहना है कि नई तकनीकों को अपनाएं, महिलाओं और युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएं, अपने कार्यों में स्मार्ट तरीके अपनाएं और समाज सेवा को भी आधुनिक रूप दें।

AI गति देता है, लेकिन मानवीय मूल्य हमें दिशा दिखाते हैं।

अत: तकनीक के साथ हमारे मूल्य जुड़े रहें, तो हम न केवल प्रगति करेंगे बल्कि समाज के लिए एक उदाहरण भी बनेंगे।

याद रखिए, जो समय के साथ चलता है, वही नेतृत्व करता है।

आइए, संकल्प करें कि हम सब मिलकर इस 'AI के युग' को अवसर में बदलें और अपने समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

प्रिय युवा साथियों,

आज का समय तकनीक और तजपपिबपंस प्दजमससपहमदबम ;प्द्ध का है, जहाँ युवाओं के लिए नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। यदि हमारा युवा वर्ग इन नवीन तकनीकों को अपनाए, तो वह न केवल अपने भविष्य को मजबूत बना सकता है, बल्कि समाज को भी नई दिशा दे सकता है।

इसी उद्देश्य से मंडल द्वारा उपाध्यक्ष श्री अक्षय झंवर एवं आई.टी. सचिव श्री गौरव जाजू के नेतृत्व में AI विषय पर सफल कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं का उत्साहपूर्ण सहभाग देखने को मिल रहा है।

आने वाले समय में भी AI से संबंधित कई कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी।

हम सभी युवाओं से आग्रह करते हैं कि वे इनसे जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और प्रगति की इस राह पर आगे बढ़ें।



**सीए. अखिल भाला**
अध्यक्ष



**सीए. प्रवीण परवाल**
सचिव

IIHMR UNIVERSITY

# IIHMR University, Jaipur, India

## (#1 Healthcare Management University in India)

## Admission Open 2026

### Two-year full-time Programs

- MBA (Hospital and Health Management)
- MBA (Pharmaceutical Management)
- MBA (Healthcare Analytics)
- MBA (Development Management)
- Master of Public Health
- Master of Public Health
  Offered by Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health, USA
  in cooperation with IIHMR University, Jaipur, India

### Executive Programs

- Executive MPH
- Executive MHA
- Executive MBA (CSR & ESG Management)

**40+ Years**
Legacy in Health Management Research

**Rs. 35.6 LPA**
Highest Package

**Rs. 3.80 Cr.**
Scholarships

**#1** Healthcare Management University in India by Education World 2026 and 2025

**#15** Top B Schools in India Times B School Ranking Survey 2026




+91 9145989952, +91 9358893199

admissions@iihmr.edu.in www.iihmr.edu.in




# AI इंसानों की जगह ले लेगा!

आजकल यह बात हमने हर जगह सुनी है। ऑफिसों में, क्लासरूम में, न्यूज चौनलों पर और सच कहूँ तो-देर रात तक चलने वाले हमारे फैमिली व्हाट्सएप ग्रुप्स में भी। इन सारी बातों के बीच एक छोटा सा डर हमारे मन में घर कर रहा हैरू क्या हम धीरे-धीरे गैर-जरूरी (useless) होते जा रहे हैं?

पर इससे पहले कि हम किसी नतीजे पर पहुँचें... जरा रुकिए और सोचिए... असल में यह AI है क्या?

हम पहले भी यह देख चुके हैं और इतिहास गवाह है कि हम अपनी ही बनाई हुई चीजों से डरते आए हैं।

- जब बिजली आई, तो हमें लगा कि इससे घर जल जाएंगे।
- जब कंप्यूटर आए, तो हमारे दफ्तरों के क्लर्क डर गए कि उनकी नौकरी चली जाएगी।
- जब इंटरनेट प्रसिद्ध हुआ, तो हमें लगा कि अब हम पड़ोसियों से बात करना छोड़ देंगे।

लेकिन हर बार क्या हुआ? हमने खुद को बदला। तकनीक ने हमारी जगह नहीं ली, बस हमारे काम करने का तरीका बदल दिया। हमारे किसानों को ट्रैक्टर मिल गया, हम जैसे लेखकों को कीबोर्ड और हमारे डॉक्टरों को बेहतर मशीनें। आज हम बस एक नए मोड़ पर खड़े हैं।

AI - सुनने में यह एक बहुत भारी और बड़ा शब्द लगता है, है ना? जैसे किसी हॉलीवुड फिल्म का कोई सीन हो। लेकिन अगर हम इसके ऊपर लगे इस चमकदार 'मार्केटिंग' के लेबल को हटाकर देखें: अब जब मैं यह लिख रही हूँ और सोच रही हूँ- ''AI आखिर है क्या?'' तो सच्चाई बहुत ही सीधी और सरल है

अचानक ऐसा लगता है कि हमारी जिंदगी में तो बहुत सी चीजें पहले से ही AI जैसी हो चुकी हैं।

पहले लोग रास्ते में रुककर किसी से पूछा करते थे, ''भाई साहब, यहाँ से फलाँ जगह कैसे जाना है?'' आज वही काम Google Maps कर देता है। ना किसी को रोकना पड़ता है, ना किसी को परेशान करना पड़ता है।

पहले किसी शब्द का मतलब समझना होता था तो हम डिक्शनरी लेकर बैठ जाते थे और पन्ने पलट-पलट कर उसका अर्थ ढूँढते थे। आज बस Google पर टाइप करते हैं- और जवाब सामने होता है।

देखा जाए तो.... AI कोई अजनबी नहीं है, यह तो लंबे समय से हमारे साथ-साथ चल रहा है। यह कोई ऐसा भूत नहीं है जो अचानक 2024 में प्रकट हो गया हो। सच तो यह है कि यह हमेशा से हमारे आसपास था, बस अब इसे एक नए पैकेट में बंद करके और 'सजा-धजाकर' पेश किया जा रहा है।

- रास्ता बताने वाला गाइड, जब 'गूगल मैप्स' हमें ट्रैफिक से बचाकर शादी में समय पर पहुँचाता है - तो वह AI ही है।
- यादों को सजाने वाला, जब हमारे फोन का कैमरा खुद ही हमारी फोटो को साफ और चमकदार बना देता है-तो वह AI ही है।
- सब्जी मंडी से लेकर दुकान तक, दुकानों पर वो छोटा सा बॉक्स जो बोलता है- 'फोन-पे पर सौ रुपये प्राप्त हुए'? यह भी AI का ही एक रूप है।
- हमारी आवाज का साथी, जब हम थके हुए घर लौटकर कहते हैं, 'अलेक्सा (Alexa), पुराने गाने बजाओ' या 'ओके गूगल, कल का मौसम कैसा है?'- तब हम एक ऐसी मशीन से बात कर रहे होते हैं जो हमारी भाषा और पसंद को समझ रही है, AI ही है।

तब तो यह डरावना नहीं लगा, है ना? तब तो यह बहुत 'मददगार' लगा।

मैंने इस बदलाव को खुद महसूस किया है। 2022 में, जब मैं महेश्वरी समाज के चुनाव के लिए कैंपेन कर रही थी, तब मेरे पास आइडिया तो बहुत थे, पर उन्हें लिखना एक बड़ी चुनौती थी। मैं इंग्लिश में लिखती, फिर गूगल ट्रांसलेट करती और घंटों उन टूटे-फूटे वाक्यों को ठीक करने में लगा देती।

अब 2025 की बात करें। इस बार कैंपेन के दौरान 'ChatGPT' मेरा साथी बना। मैंने उसे अपने लिए 'सोचने' को नहीं कहा : मैंने उससे अपनी बात को 'बेहतर तरीके से कहने' में मदद ली।

- 'इसे हमारे बड़ों के लिए और भी सम्मानजनक बना दो।'
- 'इन तीन बातों को एक साफ मैसेज में बदल दो।'

चंद सेकंड्स में मेरे विचार सुंदर शब्दों में बदल गए। पर सोच? वह मेरी थी। तजुर्बा? वह मेरा था। तकनीक ने बस उस मुश्किल को आसान कर दिया ताकि मैं अपना ध्यान लोगों से जुड़ने में लगा सकूँ।

## काम तो हम ही कर रहे हैं!

यह सिर्फ मेरे या आपके साथ नहीं हो रहा, यह सिर्फ हमारे फोन तक सीमित नहीं है, दुनिया के हर कोने में AI इंसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है:

**हमारे घरों में:** हमारे बुजुर्ग आज 'वॉयस टाइपिंग' के जरिए अपने पोते-पोतियों को प्यार भरे लंबे संदेश भेज रहे हैं।

**हमारे अस्पतालों में :** AI हजारों स्कैन कर सकता है, लेकिन मरीज का हाथ थामकर उसे हिम्मत देने वाला 'डॉक्टर' ही होता है।

**हमारे खेतों में:** ड्रोन किसान को बता सकता है कि कहाँ पानी कम है, लेकिन फसल बचाने का फैसला 'किसान' ही लेता है।

**किचन से लेकर ऑफिस तक :** एक हाउसवाइफ AI से पूछ सकती है कि 'फ्रिज में बचे हुए सामान से क्या हेल्दी बनाया जा सकता है?' और एक प्रोफेशनल अपनी लंबी मीटिंग्स के नोट्स सेकंड्स में तैयार कर सकता है।

Conti....12

## AI सिर्फ एक इंजन है, लेकिन उस गाड़ी के ड्राइवर हम ही हैं।



देखा जाए तो आजकल AI की बहुत चर्चा है, लेकिन एक चीज ऐसी है जिसे कोई मशीन कभी नहीं खरीद सकती : नीयत (Intent)।

एक कंप्यूटर हमारे लिए शादी का सुंदर कार्ड तो बना सकता है, लेकिन वह शादी की चहल-पहल और उस खुशी को कभी महसूस नहीं कर सकता। वह प्रार्थना का अनुवाद पाँच भाषाओं में जरूर कर सकता है, लेकिन वह 'प्रार्थना' की शांति महसूस नहीं कर सकता।

काम (What) मशीन का हो सकता है, लेकिन उस काम के पीछे का मकसद (Why) और दिल हमेशा हमारा ही होगा।

शायद 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (Artificial Intelligence) एक गलत नाम है। इसे तो 'असिस्टिव इंटेलिजेंस' (Assistive Intelligence) कहना चाहिए- यानी ऐसी बुद्धि जो हमारी मदद के लिए बनी है।

आखिर में, तकनीक सिर्फ एक औजार है, जैसे एक कलम या हथौड़ा। उसका असर इस बात पर निर्भर करता है कि उसे पकड़ने वाला हाथ किसका है।

एक मजेदार बात : जो लेख आप अभी पढ़ रहे हैं, उसे मैंने पहले इंग्लिश में लिखा था- और मेरे दोस्त 'ChatGPT' ने इसे आप तक पहुँचाने के लिए सही शब्दों को चुनने में मेरी मदद की। पर यह अनुभव (Experience) मेरा था, मशीन का नहीं।

तो असली सवाल यह नहीं है कि 'क्या AI हमारी जगह ले लेगा?' असली सवाल यह है : 'अब जब मशीनें हमारा बारियत भरा काम आसान कर रही हैं, तो हम अपने बचे हुए समय में क्या नया और खूबसूरत करेंगे?'



नेहल सोनी

## AI का नया दौर

आज का समय AI के तेजी से बढ़ते प्रभाव का युग है। इसने हमारे सीखने और काम करने के तरीके को बहुत आसान और तेज बना दिया है। आजकल के बच्चे अपने लगभग हर सवाल का जवाब तुरंत AI के माध्यम से ढूंढ लेते हैं, जिससे समय बचता है और जानकारी जल्दी मिल जाती है।

लेकिन इसके साथ एक चिंता भी जुड़ी है। बच्चे बिना गहराई से सोचे या समझे सीधे उत्तर पाने की आदत डाल रहे हैं। जो सोचने-समझने की क्षमता किताबों और अपने प्रयासों से विकसित होती है, वह धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसलिए AI जितना अच्छा है, उतना ही गलत भी साबित हो सकता है, यदि इसका उपयोग संतुलन में न किया जाए।

आवश्यक है कि हम AI को सहायक के रूप में अपनाएँ, न कि पूरी तरह उस पर निर्भर हो जाएँ। पहले स्वयं समझने का प्रयास करें और फिर तकनीक का उपयोग करें।

अंत में, सही संतुलन ही हमें एक बेहतर और समझदार भविष्य की ओर ले जाएगा।

AI एक साधन है, समाधान नहीं-असली ताकत हमारी सोच में है।

- नीलम माहेश्वरी

## कलम की स्याही से लिखते थे जो हर एक विचार

चाहते थे कागज पर छाप दे मन का सारा सार<br>
लिखते-मिटाते फिर लिखते बार-बार<br>
आज वही बातें लिखता है AI एक ही बार

जहाँ कभी किताबों में ढूंढते थे ज्ञान का संसार<br>
अब स्क्रीन पर मिल जाता है हर उत्तर साकार<br>
बड़ों की बातो में ढुढते थे अपने सवालों के उत्तर<br>
समय के साथ युग आगे बढ़ रहा निरंतर

पुराने दौर में था धैर्य, प्रतीक्षा और प्रयास,<br>
आज के युग में गति है, हर काम होता खास<br>
वो चिट्ठियों का इंतजार, वो मिलने की चाह<br>
अब एक क्लिक में जुड़ जाते हैं, दिलो के तार

कभी गुरु के चरणों में बैठकर मिलता था ज्ञान<br>
आज डिजिटल दुनिया बन गई है नई पहचान<br>
पर उस सादगी में जो अपनापन था कहीं<br>
वो तकनीक की चमक में खोता सा लगता यहीं

AI ने दिया हमें गति, सुविधा और नई उड़ान<br>
पर पुराने मूल्यों में छिपा है जीवन का सम्मान<br>
जरूरत है संतुलन की, समझदारी के साथ<br>
तभी सजेगा भविष्य और जुड़ा रहेगा अतीत का हाथ

प्रियंका सोढ़ानी सारडा

## गुलाब जामुन कस्टर्ड ठंडाई

**सामग्री**

| | |
|---|---|
| गुलाब जामुन | : 8-10 ( छोटे या मध्यम आकार के ) |
| दूध | : 500 मिली ( फुल क्रीम ) |
| कस्टर्ड पाउडर | : 3 बड़े चम्मच ( वैनिला फ्लेवर ) |
| ठंडाई मसाला/पाउडर | : 3 बड़े चम्मच |
| चीनी | : 4-6 बड़े चम्मच |
| केसर | : 5-6 धागे |
| गार्निश के लिए | : बारीक कटे पिस्ता, बादाम और सूखी गुलाब की पंखुड़ियाँ |



तैयारी का समय : 20 min<br>
बनाने का समय : 25 min

### बनाने की विधि

**कस्टर्ड का घोल तैयार करें :** एक छोटी कटोरी में 1/4 कप ठंडा दूध लें और उसमें कस्टर्ड पाउडर मिलाकर एक चिकना घोल तैयार कर लें ताकि कोई गुठली न रहे।

**दूध उबालें :** एक भारी तले के पैन में बचा हुआ दूध गरम करें। इसमें चीनी, केसर और ठंडाई पाउडर डालें। दूध को मध्यम आंच पर तब तक उबालें जब तक चीनी पूरी तरह घुल न जाए।

**मिश्रण गाढ़ा करें :** अब आंच धीमी करें और कस्टर्ड वाले घोल को धीरे-धीरे दूध में डालें, साथ ही लगातार चलाते रहें। इसे 5-7 मिनट तक पकाएं जब तक कि कस्टर्ड गाढ़ा होकर चम्मच के पीछे की तरफ चिपकने न लगे।

**ठंडा करें :** गैस बंद कर दें और कस्टर्ड को कमरे के तापमान पर ठंडा होने दें। इसके बाद इसे कम से कम 1-2 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें।

**परोसने का तरीका :** सर्विंग ग्लास या कटोरे में सबसे पहले नीचे कटे हुए गुलाब जामुन के टुकड़े रखें।

उसके ऊपर ठंडा-ठंडा कस्टर्ड डाले।

अंत में ऊपर से एक साबुत गुलाब जामुन रखें और कटे हुए पिस्ता व गुलाब की पंखुड़ियों से सजाएं।

- रेखा बाहेती

# एआई नौकरिया खत्म नहीं कर रहा यह काम करने के तरीके को बदल रहा है




एआई को एक अंतिम समाधान के रूप में नहीं, बल्कि एक सहायक उपकरण के रूप में देखना चाहिए, जिसे सही दिशा और मानवीय समझ की आवश्यकता होती है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब कोई दूर की कल्पना नहीं रह गया है, यह सक्रिय रूप से हमारे सोचने, समझने, बनाने और समस्याएँ हल करने के तरीके को बदल रहा है, फिर भी, एआई को लेकर चल रही चर्चा अक्सर भ्रांतियों पर आधारित होती है, एक ओर इसे नौकरियाँ खत्म करने वाला बताया जाता है, तो दूसरी ओर इसे ही हर समस्या का समाधान मान लिया जाता है। वास्तविकता इन दोनों के बीच है। हर तकनीकी बदलाव ने कार्यक्षेत्र को नए रूप में ढाला है और एआई भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। दोहराव वाले और नियम-आधारित कार्य धीरे-धीरे स्वचालित हो रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही ऐसे अवसर भी पैदा हो रहे हैं, जिनमें मानवीय सोच, रचनात्मकता और निर्णय लेने की क्षमता की आवश्यकता होती है। बदलाव का अर्थ नौकरियों का अंत नहीं, बल्कि उनका रूपांतरण है,जो लोग स्वयं को इस परिवर्तन के अनुसार ढालेंगे, वो ही आगे बढ़ेंगे।

## AI इको-सिस्टम की वास्तविक संरचना

आज का एआई परिदृश्य मुख्य रूप से दो स्तरों पर काम करता है। आधार स्तर पर OpenAI और Anthropic जैसी कंपनियाँ हैं, जो बड़ी भाषा मॉडल विकसित करने और उन्हें बेहतर बनाने पर काम कर रही हैं। यह क्षेत्र संसाधनों पर आधारित है और इसमें कुछ बड़े खिलाड़ी ही प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। इसके ऊपर एक बड़ा इकोसिस्टम विकसित हो रहा है, जहाँ इन मॉडलों का उपयोग करके अलग-अलग समस्याओं के समाधान तैयार किए जा रहे हैं।

यह स्पष्ट है कि अधिकांश लोगों के लिए मूल एआई मॉडल बनाना संभव नहीं है, लेकिन इन मॉडलों का प्रभावी उपयोग करना ही असली अवसर है। दरअसल भविष्य उन्हीं लोगों का होगा, जो एआई का बेहतर और समझदारी से उपयोग करेंगे।

## टूल्स से आगे बढ़कर परिणामों पर ध्यान

आज एआई अपनाने में सबसे बड़ी गलती यह है कि ध्यान टूल्स पर अधिक और परिणामों पर कम दिया जा रहा है। केवल एआई का उपयोग करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह महत्वपूर्ण है कि वह किसी वास्तविक समस्या का समाधान करे या किसी प्रक्रिया को बेहतर बनाए।

वास्तविक बदलाव बेहतर वर्कफ्लो डिजाइन करने में है, जहाँ एआई मानव प्रयासों को समर्थन देता है, न कि उन्हें पूरी तरह से बदल देता है। सही उपयोग में एआई उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है, जबकि गलत उपयोग इसे एक बोझ बना सकता है।

## अत्यधिक निर्भरता का जोखिम

जैसे-जैसे एआई टूल्स अधिक सुलभ हो रहे हैं, वैसे-वैसे उन पर बिना सोचे-समझे निर्भरता भी बढ़ रही है। यहाँ एक महत्वपूर्ण चुनौती सामने आती है, जिसे ध्यान रखना आवश्यक है कि एआई हमेशा सही नहीं होता। बड़े भाषा मॉडल कई बार दृष्टिभ्रम (Hallucination) उत्पन्न करते हैं, जहाँ वे ऐसी जानकारी प्रस्तुत करते हैं जो सुनने में सही लगती है, लेकिन वास्तव में गलत या भ्रामक होती है। इस कारण एआई पर आँख बंद करके भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है, विशेष रूप से जब निर्णय लेने की बात हो, इसलिए जिम्मेदारी उपयोगकर्ता की होती है। एआई द्वारा दी गई जानकारी को परखना, सत्यापित करना और समझना उतना ही जरूरी है जितना उसका उपयोग करना। आज के समय में आलोचनात्मक सोच एक अनिवार्य कौशल बन चुकी है।

## स्टार्टअप्स के लिए वास्तविकता समझदारी से बनाएं, लेकिन बड़ा सोचें

एआई के बढ़ते प्रभाव के साथ कई स्टार्टअप्स इस क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं और बड़े भाषा मॉडलों पर आधारित समाधान बना रहे हैं। हालांकि, इसमें एक महत्वपूर्ण जोखिम छिपा हुआ है। कई उत्पाद सीमित समस्याओं के समाधान के रूप में बनाए जाते हैं और पूरी तरह बाहरी एआई प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर होते हैं।

इस स्थिति में आज जो उत्पाद अलग दिखाई देता है, वह कल एक सामान्य फीचर बन सकता है। ऐसे में यदि आपका व्यवसाय केवल इन मॉडलों पर निर्भर है और उसमें कोई गहरी विशिष्टता नहीं है, तो उसके टिके रहने की संभावना कम हो सकती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि एआई के द्वारा निर्माण न किया जाए, बल्कि इसका अर्थ है कि सोच अधिक व्यापक होनी चाहिए। यदि आप कुछ बना रहे हैं, तो वह सतही नहीं बल्कि गहराई और दीर्घकालिक मूल्य पर आधारित होना चाहिए। सरल शब्दों में, समझदारी से बनाएं, लेकिन बड़ा सोचें।

## वास्तविक अवसर कहाँ हैं ?

जैसे-जैसे एआई परिपक्व हो रहा है, स्थायी अवसर वहीं होंगे जहाँ वास्तविक समस्याओं का समाधान किया जा रहा हो। इसका अर्थ है प्रक्रियाओं को बेहतर बनाना, कार्यक्षमता बढ़ाना और ऐसे सिस्टम तैयार करना जहाँ एआई मानव क्षमताओं को सशक्त बनाए।

इसके साथ ही एआई सुरक्षा का क्षेत्र भी तेजी से उभर रहा है। डेटा सुरक्षा, दुरुपयोग और सिस्टम की विश्वसनीयता जैसे मुद्दे आने वाले समय में और महत्वपूर्ण होंगे। यह क्षेत्र नए अवसरों और भूमिकाओं को जन्म देगा, जो यह साबित करता है कि एआई अवसरों को खत्म नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें नए रूप दे रहा है।

## एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता

एआई एक शक्तिशाली तकनीक है, लेकिन यह पूर्ण नहीं है। यह प्रगति को तेज कर सकता है, लेकिन गलत उपयोग के साथ यह समस्याओं को भी बढ़ा सकता है। इसलिए इसे संतुलित दृष्टिकोण के साथ अपनाना आवश्यक है।

अंत में यही संदेश है कि एआई का समझदारी से उपयोग करें।

एआई का भविष्य मानव को बदलने का नहीं, बल्कि उसके कार्य करने के तरीके को बेहतर बनाने का है। वास्तविक लाभ उन्हें मिलेगा जो एआई का उपयोग सोच-समझकर करेंगे।

इसका अर्थ है वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देना, प्रभावी वर्क फ्लो बनाना और एआई के उपयोग पर नियंत्रण बनाए रखना। साथ ही, इसकी सीमाओं को समझना और इसके द्वारा दी गई जानकारी को सत्यापित करना भी उतना ही आवश्यक है। एआई (AI) शक्तिशाली है, लेकिन अचूक नहीं, जो लोग मानवीय समझ और तकनीकी क्षमता के बीच संतुलन बना पाएंगे, वही इस परिवर्तन का सबसे अधिक लाभ उठा पाएंगे।



■ अंकित धूत


भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण कराये
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
MISSO Planner
Robotic Arm
PARTANI CLINIC
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षों का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षों का सफल अनुभव
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइयग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( AI ) का नया दौर अब केवल कल्पना नहीं, बल्कि हमारी वास्तविकता बन चुका है। साल 2026 की शुरुआत के साथ, AI 'प्रयोगशालाओं' से बाहर निकलकर 'जन-आंदोलन' बन गया है, जहाँ भारत वैश्विक स्तर पर एक AI पावरहाउस के रूप में उभर रहा है।

यहाँ **AI** के इस नए दौर की मुख्य झलकियाँ दी गई हैं :

### 1. भारत का बढ़ता वर्चस्व

**इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 :** नई दिल्ली में आयोजित इस सम्मेलन ने भारत को दुनिया के AI इंजन के रूप में पेश किया है।

**AI For All :** नीति आयोग का यह विजन स्वास्थ्य, खेती, शिक्षा और स्मार्ट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में AI के उपयोग पर जोर दे रहा है।

**ग्लोबल हब :** मेटा और गूगल जैसी कंपनियाँ भारत में डेटा सेंटर बनाने के लिए बड़े निवेश कर रही हैं, जिससे भारत केवल एक मार्केट नहीं बल्कि एक इनोवेशन हब बन रहा है।

### 2. तकनीक से परे : 'एजेंटिक AI' का उदय

**AI एजेंट्स :** अब AI केवल सवालों के जवाब नहीं देता, बल्कि एजेंटिक AI के रूप में हमारे काम भी पूरे कर रहा है। जैसे कि माइक्रोसॉफ्ट का Azure AI Foundry जटिल व्यावसायिक कार्यों को ऑटोमेट करने में मदद कर रहा है।

**फिजिकल AI :** एनवीडिया (NVIDIA) और बोस्टन डायनेमिक्स जैसी कंपनियाँ अब ऐसे रोबोट बना रही हैं जो इंसानों की तरह भौतिक वातावरण में काम कर सकते हैं।

### 3. रोजगार और अर्थव्यवस्था में बदलाव

**नई नौकरियां :** इस दौर में AI ट्रेनर, प्रॉम्प्ट इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट और साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ जैसे नए पदों की मांग तेजी से बढ़ी है।

**पारदर्शिता :** राज्यों में ( जैसे बिहार ) सरकारी कामकाजों और राजस्व विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए AI सेल्स बनाए जा रहे हैं।

### 4. सुरक्षा और चुनौतियाँ

**सुरक्षा :** AI सिस्टम को सुरक्षित रखने के लिए Operant AI जैसे नए प्रोग्राम लॉन्च किए जा रहे हैं। अब मशीनों को केवल कोडिंग नहीं, बल्कि 'मानवता' और संवेदनशीलता सिखाने पर भी शोध हो रहा है ताकि वे समाज के लिए सुरक्षित हों।

इस युग में, जेनएआई (Generative AI) का व्यापक उपयोग और छोटे, विशिष्ट कार्यों के लिए डिजाइन किए गए मॉडल ( एसएमएल ) की ओर एक बदलाव देखा जा रहा है। Google का Gemini जैसे स्मार्ट उपकरण अब दैनिक जीवन का हिस्सा है।

### AI के नकारात्मक प्रभाव

#### क्या एआई मानव बुद्धि को नुकसान पहुंचा रहा है ?

कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान, सरकार और उद्योग जगत में महत्वपूर्ण सोच और निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी से एकीकृत हो रही है। हालांकि एआई अभूतपूर्व गति और पैमाने पर तीव्र डेटा विश्लेषण को सक्षम बनाता है, एआई पर अत्यधिक निर्भरता किसी व्यक्ति के महत्वपूर्ण सोच कौशल को कमजोर कर सकती है।

#### साइबर सुरक्षा खतरे

दुर्भावनापूर्ण तत्व साइबर हमलों को अंजाम देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग कर सकते हैं। आवाजों की नकल करने, नकली पहचान बनाने और विश्वसनीय फिशिंग ईमेल तैयार करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का हेरफेर करते हैं - इन सबका उद्देश्य किसी व्यक्ति को धोखा देना, हैक करना, उसकी पहचान चुराना या उसकी गोपनीयता और सुरक्षा से समझौता करना होता है।



■ मुरारी सोमानी

**FACT BOX : DID YOU KNOW ?**

- क्या AI इंटरनेट से लाइव जानकारी लेता है ?
  - आमतौर पर नहीं– AI पहले से सीखी हुई जानकारी के आधार पर जवाब देता है, जब तक उसे खास तौर पर लाइव डेटा से जोड़ा न जाए।
- AI 'समझता' है या सिर्फ 'अनुमान' लगाता है ?
  - तकनीकी रूप से AI गहराई से समझता नहीं, बल्कि डेटा के पैटर्न के आधार पर सबसे सही उत्तर का अनुमान लगाता है।
- **डेटा सेंटर्स :** ये विशाल इमारतें होती हैं जहां हजारों कंप्यूटर (servers) लगातार चलते रहते हैं और ठंडा रखने के लिए विशेष कूलिंग सिस्टम लगे होते हैं।

## आगामी अंक- मई-2026

### ''ग्रीष्मकालीन अवकाश विशेषांक'' के लिए आलेख, अनुभव एवं रचनात्मक सामग्री आमंत्रित

जयपुर माहेश्वरी पत्रिका का आगामी मई, 2026 अंक ''ग्रीष्मकालीन अवकाश'' विशेषांक निर्धारित किया गया है। इस विषय पर समाज के विशेषकर युवाओं से भी हिन्दी में आलेख एवं रचनाएं आमंत्रित हैं। अगले माह में ग्रीष्म अवकाश, परिवार, स्वास्थ्य, यात्रा, संस्कार, समाज सेवा आदि पर आपके लेख, कविता, अनुभव एवं विचार आदि 8 मई 2026 तक जयपुर माहेश्वरी पत्रिका के ई-मेल jmpatrika@gmail.com अथवा मो. नं. 8233681813 पर व्हाट्सएप करने का श्रम करें। प्राप्त उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पत्रिका में स्थान दिया जायेगा। रचनाएँ प्रकाशन का अंतिम निर्णय संपादक मंडल का रहेगा।

– संपादक

# सनातन और संभावना

आज का युग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence–AI) का युग है। मशीनें सीख रही हैं, निर्णय ले रही हैं और मनुष्य के जीवन को सरल बना रही हैं। लेकिन जब हम इस आधुनिक तकनीक को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के संदर्भ में देखते हैं, तो एक अद्भुत सामंजस्य दिखाई देता है- जहाँ प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान एक-दूसरे के पूरक बनते हैं।

## सनातन में ज्ञान और चेतना की अवधारणा

सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में ज्ञान, तर्क और चेतना का मार्गदर्शन करता है। हमारे शास्त्रों में 'चेतना' (Consciousness) को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

वेद और उपनिषद में वर्णित 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का सिद्धांत बताता है कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड एक ही चेतना से जुड़ा है। आज AI भी इसी दिशा में प्रयास कर रहा है- डेटा के माध्यम से एक 'स्मार्ट चेतना' विकसित करने का।

## गीता और AI का नैतिक पक्ष

श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को 'कर्मयोग' का उपदेश देते हैं- निष्काम भाव से कार्य करना।

AI के विकास में भी यही सिद्धांत लागू होता है। यदि AI का उपयोग केवल लाभ कमाने के लिए किया जाए, तो यह समाज के लिए हानिकारक हो सकता है। लेकिन यदि इसे सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण के लिए अपनाया जाए, तो यह एक वरदान सिद्ध होगा।

## संभावनाएँ : भविष्य की दिशा

AI और सनातन के समन्वय से अनेक संभावनाएँ उभरती हैं :

- शिक्षा में क्रांति- संस्कृत ग्रंथों का डिजिटल रूपांतरण और सरल व्याख्या।
- स्वास्थ्य सेवा- आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा का AI द्वारा समन्वय।
- संस्कृति संरक्षण- प्राचीन ग्रंथों, मंदिरों और परंपराओं का डिजिटल संरक्षण।
- नैतिक तकनीक- AI को धर्म, नीति और मानवीय मूल्यों के अनुरूप विकसित करना।

## संतुलन की आवश्यकता

जहाँ AI असीम संभावनाएँ लेकर आया है, वहीं यह चुनौती भी है कि हम इसके उपयोग में संतुलन बनाए रखें।

सनातन हमें सिखाता है कि हर शक्ति का उपयोग संयम और विवेक के साथ होना चाहिए। यदि AI का प्रयोग मानव मूल्यों के अनुरूप किया जाए, तो यह समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकता है।

AI और सनातन दोनों ही ज्ञान और विकास के मार्ग हैं। एक आधुनिक विज्ञान है, तो दूसरा शाश्वत दर्शन। जब ये दोनों मिलते हैं, तो एक ऐसा भविष्य बनता है जो न केवल तकनीकी रूप से उन्नत होता है, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध होता है।

अतः हमें AI को केवल तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए- जिसका उद्देश्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' हो।

'जब आधुनिक विज्ञान सनातन ज्ञान से जुड़ता है, तब भविष्य केवल प्रगति नहीं, बल्कि समृद्धि का प्रतीक बन जाता है।'



■ विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री



# ARTIFICIAL INTELLIGENCE के लाभ और भविष्य

वर्तमान युग विज्ञान एवं तकनीकी उन्नति का स्वर्णिम काल है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence – AI) एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह तकनीक आज केवल एक अवधारणा नहीं रह गई, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। AI के माध्यम से कार्यों में तीव्रता, सटीकता और दक्षता का समावेश हुआ है, जिससे समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

यदि AI के लाभों पर विचार करें, तो यह स्पष्ट होता है कि यह मानव जीवन को सरल एवं सुगम बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में AI आधारित साधन विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से सीखने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में यह तकनीक रोगों के शीघ्र निदान एवं उपचार में सहायता कर रही है। व्यापार एवं उद्योगों में AI के उपयोग से कार्यप्रणाली अधिक संगठित एवं प्रभावी बन रही है, जिससे उत्पादकता में वृद्धि हो रही है।

AI का एक प्रमुख लाभ यह भी है कि यह समय और श्रम दोनों की बचत करता है। जटिल एवं दोहराव वाले कार्यों को मशीनों द्वारा आसानी से संपन्न किया जा सकता है, जिससे मानव अपने कौशल और रचनात्मकता को अधिक सार्थक कार्यों में लगा सकता है। साथ ही, यह तकनीक निर्णय लेने की प्रक्रिया को भी अधिक सटीक और डेटा-आधारित बनाती है।

भविष्य की दृष्टि से AI की संभावनाएँ अत्यंत व्यापक हैं। आने वाले समय में यह तकनीक स्मार्ट शहरों के निर्माण, स्वचालित परिवहन, उन्नत चिकित्सा सेवाओं और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। शिक्षा प्रणाली और अधिक आधुनिक एवं प्रभावी बनेगी, वहीं रोजगार के नए-नए क्षेत्र भी विकसित होंगे, जिनमें युवा अपनी प्रतिभा का उपयोग कर सकेंगे।

किन्तु, इन सभी संभावनाओं के साथ कुछ चुनौतियाँ भी जुड़ी हुई हैं। AI के बढ़ते प्रभाव से पारंपरिक रोजगार के अवसरों में कमी आ सकती है, जिससे समाज को नई परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालना होगा। साथ ही, डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और नैतिकता जैसे विषयों पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

अतः यह आवश्यक है कि हम AI के उपयोग को संतुलित और जिम्मेदारीपूर्ण दृष्टिकोण के साथ अपनाएँ। समाज, परिवार और शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व है कि वे नई पीढ़ी को इस तकनीक के सही उपयोग के लिए प्रेरित करें और उन्हें नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक बनाएँ।



अंततः, AI केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाला सशक्त माध्यम है। यदि इसका उपयोग विवेक, संतुलन और सकारात्मक सोच के साथ किया जाए, तो यह मानव जीवन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम है।

◙ सीए. अवन्तिका बजाज



# बुद्ध पूर्णिमा

राख के नीचे छिपी रोशनी

बहुत पुरानी बात है,

बुद्ध पूर्णिमा की एक शांत, चाँदनी रात में एक थका हुआ आदमी मंदिर के दरवाजे पर पहुँचा। उसका शरीर ही नहीं, मन भी टूट चुका था।

उसने धीरे से कहा,

''मैं पापी हूँ,

दिन में आने की हिम्मत नहीं हुई।''

दरवाजा खुला। भीतर एक शांत साधु था। उसने मुस्कुराकर पूछा–

''किसने कहा कि तुम पापी हो?''

आदमी चुप रहा, भीतर सिर्फ अंधेरा था।

''चाँद आज कुछ और कहता है
मन के भीतर दीप-सा रहता है
मौन जब बस हृदय उतरता है
वही बुद्ध का सच्चा रास्ता है।''

साधु ने बुझती सिगड़ी की ओर इशारा किया,

''क्या दिखता है?''

''सिर्फ राख...''

''थोड़ा कुरेदो।''

आदमी ने जैसे ही राख हटाई, एक छोटी-सी चिंगारी चमक उठी।

साधु ने फूँक मारी

और वह फिर आग बन गई।

''देखा?'' साधु बोला,

''तुम खुद को राख समझ रहे हो, जबकि तुम्हारे भीतर भी यही चिंगारी है।''

''ना क्रोध रहे, ना कोई द्वेष
बस करुणा का बहे परिवेश
राख हटे तो दिखे उजियारा
हर दिल में जलता अंगारा।''

आदमी की आँखों में पहली बार चमक आई।

साधु ने शांत स्वर में कहा–

''यह ज्योति कभी बुझती नहीं, बस हम उसे देखना भूल जाते हैं।''

चाँद और उजला हो गया, जैसे सत्य उतर आया हो।

''पूर्णिमा की उज्ज्वल रात में
स्वयं से मिलने की बात में
जो भीतर जागे इक प्रकाश
वही जीवन, वही विश्वास।''

उस रात वह आदमी बदला हुआ लौटा।

दुनिया वही थी, पर अब उसे हर इंसान में एक चिंगारी दिखने लगी, वही रोशनी, जो कभी बुझती नहीं।

अंतिम संदेश यही है कि...

''हर इंसान के भीतर जलता हुआ अंगारा है, राख हटाओ, रोशनी का दिखेगा अद्भुत नजारा है।''



जयश्री

## DID YOU KNOW ?

- AI आखिर होता क्या है, कोई मशीन या अदृश्य शक्ति?
- AI कोई मशीन नहीं, बल्कि एक तकनीक है जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने और निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।
- 'Artificial Intelligence' शब्द का पहली बार उपयोग किसने किया था?
- John McCarthy
- जब हम ChatGPT से बात करते हैं, तो जवाब कहाँ से आता है?
- जवाब इंटरनेट से सीधे नहीं, बल्कि पहले से प्रशिक्षित (trained) डेटा और एल्गोरिद्म से आता है।

# AI के दौर में असली पहचान : सोच, संतुलन और स्वनिर्णय

मशीन आपकी मदद कर सकती है, पर निर्णय हमेशा आपका ही होना चाहिए। आज का समय Artificial Intelligence (AI) का समय है। यह कोई भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई है। स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर वित्त, शिक्षा से लेकर मार्केटिंग तक, हर क्षेत्र में AI ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा दी है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि आने वाले वर्षों में लगभग 70% से अधिक नौकरियों में किसी न किसी रूप में AI का उपयोग अनिवार्य हो जाएगा। AI के ऐसे दौर में सबसे बड़ी ताकत आपकी अपनी सोच और आपकी विशिष्टता है।

छात्रों के लिए AI एक वरदान की तरह है। आज ChatGPT, Grammarly, Notion AI, और LinkedIn Learning जैसे प्लेटफॉर्म न केवल कॅरियर मार्गदर्शन देते हैं, बल्कि संचार कौशल और पेशेवर दक्षताओं को भी निखारते हैं। Coursera और Udemy जैसे प्लेटफॉर्म AI की मदद से आपकी रुचियों के अनुसार कोर्स सुझाते हैं, वहीं Duolingo जैसी ऐप्स भाषा सीखने को आसान और रोचक बनाती हैं। इसके अलावा, AI आधारित मॉक इंटरव्यू और नेगोशिएशन सिमुलेटर छात्रों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

लेकिन हर शक्ति के साथ एक जिम्मेदारी भी आती है।

AI का अत्यधिक उपयोग, विशेषकर असाइनमेंट और प्रोजेक्ट्स में, छात्रों के लिए हानिकारक हो सकता है। जब हम बिना सोचे-समझे AI से अपना काम करवाते हैं, तब हम उस प्रक्रिया को छोड़ देते हैं जो असल में हमारी बुद्धिमत्ता को विकसित करती है : सोचना, विश्लेषण करना और सृजन करना। यह धीरे-धीरे हमारी मानसिक क्षमता को कमजोर कर देता है।

एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि World Economic Forum की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले समय में सबसे अधिक मांग critical thinking, creativity और problem & solving skills की होगी और ये वे गुण हैं जो केवल अभ्यास, अनुभव और आत्म-चिंतन से विकसित होते हैं, न कि केवल AI के उपयोग से।

कल्पना कीजिए, यदि हर छात्र AI से एक जैसा उत्तर लिखवाए, तो उसकी अपनी पहचान कहाँ रह जाएगी? कौन-सी बात उसे दूसरों से अलग बनाएगी?

इसका उत्तर है : संतुलन (Balance)।

AI का उपयोग एक सहायक के रूप में करें, न कि अपने प्रयास के विकल्प के रूप में। उदाहरण के लिए, 'मेरा असाइनमेंट लिख दो' कहने के बजाय, यह पूछना अधिक उपयोगी है–'इस विषय को सरल भाषा में समझाइए और उदाहरण दीजिए, ताकि मैं स्वयं लिख सकूं।' यह न केवल आपकी समझ को गहरा करेगा, बल्कि आपकी लेखन क्षमता को भी मजबूत बनाएगा।

याद रखिए, AI से मिलने वाला उत्तर उतना ही अच्छा होगा, जितना अच्छा आपका प्रश्न होगा। सही प्रश्न पूछना भी एक कला है और यही कला आपको दूसरों से अलग बनाती है।

अंत में, AI एक तेज रफ्तार वाहन की तरह है जो आपको आगे बढ़ा सकता है, लेकिन दिशा तय करना आपके हाथ में है। आपकी असली शक्ति यह नहीं है कि AI आपके लिए क्या कर सकता है, बल्कि यह है कि आप AI से आगे क्या कर सकते हैं।



सीए साक्षी बियानी

# AI के माध्यम से पत्र लेखन एवं निमंत्रण-पत्र निर्माण-अध्ययन

QUICK TIPS

वर्तमान डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) ने लेखन कार्य को अत्यंत सरल और प्रभावी बना दिया है। आज पत्र लेखन, निमंत्रण पत्र, शुभकामना संदेश अथवा अन्य रचनात्मक सामग्री AI की सहायता से सहजता से तैयार की जा सकती है। समाज बंधुओं के लिए यह तकनीक समय की बचत के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण लेखन का एक सशक्त माध्यम बन सकती है।

## AI से पत्र एवं निमंत्रण पत्र कैसे बनाएं

AI का उपयोग करने के लिए सबसे पहले हमें यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि हमें किस प्रकार का लेखन चाहिए-जैसे औपचारिक पत्र, अनौपचारिक पत्र, विवाह निमंत्रण, कार्यक्रम आमंत्रण आदि।

**AI को सरल एवं स्पष्ट निर्देश (Prompt) देना सबसे महत्वपूर्ण होता है।** उदाहरण के लिए:

- विद्यालय के प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु आवेदन पत्र लिखें।
- समाज के कार्यक्रम के लिए एक आकर्षक निमंत्रण संदेश तैयार करें।

जितना स्पष्ट निर्देश होगा, उतना ही बेहतर परिणाम प्राप्त होगा।

## प्रभावी लेखन के लिए मुख्य टिप्स

**1. स्पष्ट विषय दें :** AI को यह अवश्य बताएं कि लेखन किस विषय पर है और उसका उद्देश्य क्या है।

**2. शैली (Style) निर्धारित करें :** यह बताना उपयोगी होता है कि लेखन औपचारिक हो, भावनात्मक हो या समाज पत्रिका शैली में हो।

**3. आवश्यक विवरण जोड़ें :** निमंत्रण पत्र में तिथि, समय, स्थान, आयोजन का नाम आदि जानकारी अवश्य शामिल करें।

**4. भाषा का चयन करें :** AI को यह भी बताएं कि लेख हिंदी में चाहिए, अंग्रेजी में या द्विभाषीय।

**5. संशोधन (Editing) करें :** AI द्वारा तैयार सामग्री को एक बार पढ़कर आवश्यकतानुसार संशोधित अवश्य करें, ताकि वह पूर्णतः उपयुक्त बन सके।

## उदाहरण के रूप में उपयोग

**पत्र लेखन :** अवकाश आवेदन, धन्यवाद पत्र, शिकायत पत्र आदि।

**निमंत्रण :** विवाह, जन्मदिन, समाज कार्यक्रम, बैठक आदि।

**शुभकामना संदेश :** त्योहार, सम्मान समारोह, विशेष अवसर।

## सावधानियाँ

AI का उपयोग करते समय यह ध्यान रखें कि सभी जानकारी सही और सत्य हो। व्यक्तिगत या संवेदनशील जानकारी साझा करते समय सतर्कता बरतें। साथ ही, AI को केवल सहायक के रूप में उपयोग करें, पूर्णतः निर्भर न रहें।

## अध्ययन के लिए सुझाव

प्रतिदिन छोटे-छोटे लेखन अभ्यास करें। विभिन्न प्रकार के निर्देश देकर परिणामों की तुलना करें।

परिवार एवं समाज के कार्यक्रमों के लिए स्वयं AI से सामग्री तैयार करने का अभ्यास करें।

AI के माध्यम से पत्र लेखन और निमंत्रण निर्माण आज अत्यंत सरल और प्रभावी हो गया है। यदि समाज बंधु इस तकनीक को सही ढंग से अपनाएं, तो वे कम समय में सुंदर, सटीक और प्रभावशाली लेखन तैयार कर सकते हैं। यह न केवल व्यक्तिगत कार्यों में सहायक है, बल्कि समाजिक गतिविधियों को भी अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



केशव सारडा
B.Tech




वर्तमान समय विज्ञान और तकनीक के अभूतपूर्व विकास का युग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( AI ) ने मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी, जो किसी भी समाज का भविष्य होती है, AI के प्रभाव से अछूती नहीं है। यह प्रभाव जहाँ एक ओर प्रगति और नवाचार के नए द्वार खोल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़े कर रहा है।

आज का युवा तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। शिक्षा, व्यवसाय, संचार और मनोरंजन- हर क्षेत्र में AI आधारित साधनों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। विद्यार्थियों के लिए यह ज्ञान प्राप्ति का एक सशक्त माध्यम बन गया है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न कर रहा है। डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग, और डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों में युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

AI के सकारात्मक पक्षों पर दृष्टि डालें तो यह समय की बचत, कार्यकुशलता में वृद्धि और सटीक निर्णय लेने में सहायक सिद्ध हो रहा है। युवा अपनी रचनात्मकता को नए आयाम दे रहे हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह तकनीक उन्हें प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान कर रही है।

किन्तु, इसके साथ कुछ चुनौतियाँ भी जुड़ी हुई हैं। AI पर अत्यधिक निर्भरता युवाओं की स्वतंत्र सोच और विश्लेषण क्षमता को प्रभावित कर सकती है। साथ ही, पारंपरिक रोजगार के अवसरों में कमी, डेटा गोपनीयता की समस्या और सामाजिक संबंधों में दूरी जैसे विषय भी चिंता का कारण बन रहे हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि युवा तकनीक का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से करें।

समाज और परिवार की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उचित मार्गदर्शन, नैतिक शिक्षा और संतुलित दृष्टिकोण के माध्यम से ही हम युवाओं को सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। शिक्षण संस्थानों को भी चाहिए कि वे तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का समावेश करें।

अंततः, AI एक शक्तिशाली साधन है-इसका सदुपयोग ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकता है। वर्तमान युवा पीढ़ी यदि संतुलन, समझदारी और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ इसका उपयोग करे, तो वह न केवल स्वयं का, बल्कि सम्पूर्ण समाज का विकास सुनिश्चित कर सकती है।



■ सोनम झंवर

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

*presents*

## Maheshwaris' Empowerment by Developing Hegemonic Abilities

MEDHA

समाज की युवा प्रतिभाओं के लिए अवसर

उज्ज्वल भविष्य बनाओ, क्योंकि जो आज कदम बढ़ाते हैं वही कल इतिहास रचते हैं।
अपनी क्षमता को सफलता में बदलने का समय आ गया है।
आइए, समाज के इस मिशन का हिस्सा बनें और अपनी सफलता की कहानी खुद लिखें।

हम आपको देश की न्यायिक एवं प्रशासकीय सेवाओं के शीर्ष पदों पर सेवारत/सेवानिवृत समाज की प्रतिष्ठित विभूतियों से मार्गदर्शन एवं परामर्श प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित करते हैं।

### Mentors

| | |
|---|---|
| Justice (R) Mahendra Maheshwari | 8696964444 |
| Justice (R) Deepak Maheshwari | 9414285054 |
| Justice (R) Dinesh Chandra Somani | 7300008888 |
| Sh. Kamal Bagri, District Judge (R) | 9799494233 |
| Sh. Purshottam Biyani, IAS (R) | 9314625342 |
| Sh. Lalit Maheshwari, IPS (R) | 9829070266 |

Supported by other former and in-service Judges/officers.

**अभिभावकों के लिए संदेश**

अपने बच्चों को न्यायिक एवं प्रशासकीय सेवाओं के लिए प्रेरित करें एवं उनको पूर्ण समर्थन प्रदान करें। हमारा लक्ष्य समाज के योग्य युवाओं को Civil Services (IAS, RAS etc.), Judicial Services (RJS, RHJS) एवं प्रतिष्ठित सरकारी पदों के लिए मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करना है।

SCAN TO REGISTER



# जयपुर माहेश्वरी पत्रिका द्वारा आयोजित
# प्रथम 'बाल प्रतिभा पुरस्कार वितरण एवं अभिनंदन समारोह' सफलतापूर्वक हुआ संपन्न



श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का गौरवपूर्ण मुखपत्र जयपुर माहेश्वरी पत्रिका द्वारा पहली बार 'उत्कृष्ट प्रविष्टी पुरस्कार वितरण एवं अभिनंदन समारोह' दिनांक 11 अप्रैल 2026 शनिवार को समाज परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें 'किड्स कॉर्नर' के अंतर्गत 'रंग भरो प्रतियोगिता' में चयनित नन्हें-मुन्हे प्रतिभाशाली बच्चों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

विधिवत् रूप से गणपति आराधना, राष्ट्र गान के साथ मां शारदे तथा भगवान महेश के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री सीए. रोहित परवाल, शिक्षा सचिव श्री कमल सोमानी, उपाध्यक्ष शिक्षा श्री निर्मल दरगड़, उपाध्यक्ष (समाज) श्री कमल साबू, कोषाध्यक्ष (शिक्षण संस्थाएं) श्री अरुण मालू, श्री बजरंग बाहेती, महिला परिषद् अध्यक्षा श्रीमती स्नेहलता साबू एवं सचिव श्रीमती ज्योति हुरकट सहित कई गणमान्य समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अध्यक्ष साहब ने पत्रिका के नूतन कलेवर की प्रशंसा करते हुए सुगठित टीम का मनोबल बढ़ाया और पोस्ट ऑफिस की अव्यवस्था पर चिंता भी व्यक्त किया। महामंत्री रोहित जी ने बच्चों के लिए उन्हीं की रुचि का विशेषांक लाने की बात कही एवं पत्रिका के प्रति बढ़ते रुझान हेतु सभी समाज बंधुओं का आभार जताया, वहीं महिला परिषद् अध्यक्षा स्नेहलता जी ने बच्चों को मोबाइल की लत से बचने की सलाह दी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाज सेवक श्रीमती प्रिंसा (चारू)-मनमोहन जी बांगड़ रहे।

प्रचार मंत्री श्री विजय सारडा एवं प्रमुख संपादक श्री मोहन तोषनीवाल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

संपादिका श्रीमती मधु जी भूतड़ा 'अक्षरा' के प्रबंधन में पत्रिका की मुख्य भूमिका, उद्देश्य एवं आगामी अंकों के साथ अन्य जानकारियां प्रस्तावित की गई एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महत्वपूर्ण दायित्व निर्वहन किया गया।।

पत्रिका की संयोजिका श्रीमती प्रिंसा (चारु) बांगड़ एवं सह-संपादक श्री बालकृष्ण जाजू 'बालक' की स्वरचित काव्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। सह संपादकीय टीम सर्वश्री राजेंद्र मूंधड़ा, महेश मालपानी एवं सीए. सुनीता पेड़ीवाल ने अपना पूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पत्रिका में प्रकाशित "Word Power" में भाग लेने के लिए लाइव क्रियात्मक प्रदर्शन किया गया।



श्रीमती श्रुति लाहोटी ने कार्यक्रम का बखूबी संचालन करते हुए डिजाइनर कैलाश प्रजापत, कमलेश शर्मा एवं लोकेश शर्मा का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों ने समाज पत्रिका के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं पत्रिका को और अधिक बेहतर बनाने हेतु आत्मीय संवाद भी स्थापित किए।

प्रचार-प्रसार मंत्री ने कार्यक्रम के औपचारिक समापन की घोषणा करते हुए सभी समाज बंधुओं को समाज पत्रिका से जुड़े रहने का अनुरोध किया।

स्वादिष्ट स्वल्पाहार के साथ यह प्रथम पुरस्कार वितरण एवं अभिनंदन समारोह पूर्ण सादगी से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# कार्यक्रम झलकियाँ























# समाज प्रतिनिधिमंडल का राजस्थान पत्रिका से संवाद

## राजस्थान पत्रिका के मंच पर गूंजा श्री माहेश्वरी समाज का सेवा संकल्प

**पत्रिका के ऑफिस में जुटे माहेश्वरी समाज के प्रबुद्धजन : शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों के साथ युवाओं को तकनीक से जोड़ने पर फोकस**

# माहेश्वरी समाज का सरोकार बना रहे 600 बेड का अस्पताल

*जयपुर @ पत्रिका. माहेश्वरी समाज, जयपुर ने हाल ही 100 साल की गौरवशाली यात्रा पूरी करते हुए सेवा और सामाजिक उत्थान की सशक्त मिसाल पेश की है। झालाना स्थित पत्रिका कार्यालय में पत्रिका संवाद कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों ने कहा कि गत एक शताब्दी में समाज ने शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और परोपकार के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई है। जरूरतमंदों की सहायता, छात्रवृत्ति, चिकित्सा सेवाओं और सामुदायिक विकास के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाई। शहर में समाज के तीन जनोपयोगी भवन संचालित हैं। मानसरोवर, गणपतपुरा में 600 बेड का अस्पताल बनाया जाना प्रस्तावित है।*

पत्रिका संवाद

### समाज की घटती आबादी पर चिंता जाहिर की

**माहेश्वरी** समाज जयपुर के अध्यक्ष उमेश सोनी ने बताया कि समाज की आबादी जयपुर में महज 30 हजार और देश में करीब सात लाख है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। समाज एकजुट होकर आगे बढ़े, इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए धार्मिक गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। महिला सशक्तीकरण के साथ ही समाज के कार्यों में युवाओं की भागीदारी भविष्य की कुंजी है।

### हर तबका है साथ

समाज हर तबके को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। यही समाज की सबसे बड़ी एकता है।
**-सुनील अजमेरा**

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। **-ज्योति हुरकट** (सचिव, महिला परिषद)

### नारी सशक्तीकरण के लिए महिलाओं के बनाए उत्पादों को प्रदान किया जा रहा मंच

**टूटते रिश्तों** को बचाने के लिए शादी की समय सीमा 21 से 25 साल के बीच तय हो

**फिजूलखर्ची** को रोकने के लिए शादियों में हों सीमित व्यंजन

**नई पीढ़ी** को बचपन से मजबूत बनाने की जरूरत

संगठन के 100 वर्ष पूरा होने पर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की योजना और सस्ती जांच सुविधा प्राथमिकता में है। **उमेश सोनी,** अध्यक्ष, माहेश्वरी समाज जयपुर

**प्री वेडिंग** शूट का दिखावा हो बंद

**स्कूल** ट्रांसपोर्टेशन में प्रशासन की जिम्मेदारी तय हो

**समाज की विधवा** महिलाओं का पुनर्विवाह भी करवाया जा रहा

**बच्चों** को स्कूली शिक्षा के दौरान एआइ से जोड़ने पर दिया जा रहा जोर



### हर साल पांच करोड़ की छात्रवृत्ति

हर साल पांच करोड़ रुपए से अधिक की स्कॉलरशिप दी जा रही है। बाहर पढ़ने जाने वाले समाज के बच्चों की मदद की जाएगी। सरकार भी निजी स्कूलों को प्रोत्साहन दे। **-निर्मल दरगड़,** उपाध्यक्ष, समाज शिक्षा समिति

### कम दाम में मिलेगा इलाज

समाज के कम्युनिटी सेंटर्स में सर्वसमाज को भी साधारण खर्च में आयोजनों की बेहतर सुविधा दी जा रही है। अस्पताल बनने से कम दाम में इलाज मिलेगा। **-बजरंगलाल बाहेती** चेयरमैन (प्रोजेक्ट) सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

### बनानी होगी रणनीति

वैश्विक हालातों के मद्देनजर समाज को अभी से मानसिक रूप से तैयार रहकर रणनीति बनानी होगी, ताकि संकट के दौर में संतुलन बनाए रखा जा सके। **-प्रमोद हुरकट,** निर्माण नगर

### युवाओं को संस्कृति से जोड़ना जरूरी

समाज के स्कूलों में करीब 25 हजार विद्यार्थी शिक्षा ले रहे हैं। युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपरा और धर्म से जोड़ना जरूरी है, ताकि संस्कारों की विरासत सुरक्षित रह सके। **अरुण कुमार मालू** (कोषाध्यक्ष, शिक्षा समिति)

माहेश्वरी समाज बंधुओं ने पत्रिका के नशा मुक्ति अभियान को समर्थन देने तथा नशे को जड़ से खत्म करने की शपथ ली।

### पारिवारिक सीमाओं का न हो उल्लंघन

शादियों में व्यंजनों की संख्या सीमित हो। सादगी अपनाकर धन का सही उपयोग करना समय की जरूरत है। **-गोपाललाल मालपानी** (पूर्व महामंत्री)

प्री-वेडिंग शूट्स बंद हो। आधुनिकता के नाम पर सामाजिक और पारिवारिक सीमाएं नहीं तोड़ी जानी चाहिए। **-प्रियंका गगरानी** (कार्यकारिणी सदस्य, महिला परिषद)

यदि राजधानी में जमीन उचित दर पर उपलब्ध हो तो समाज शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में और प्रभावी योजनाएं लागू कर सकता है। **-बालकिशन सोमानी** (पूर्व अध्यक्ष)

### रोजगार सृजन से होगा समाज का विकास

मैरिज ब्यूरो के तहत ऑनलाइन सम्मेलन शुरू किए गए हैं, ताकि बाहर रहने वाले युवा भी इनमें शामिल होकर बेहतर जीवनसाथी चुन सकें। **-कमल किशोर साबू,** वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अब युवा उद्यमिता को बढ़ावा देकर उन्हें परिवार और समाज के साथ जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। **-सीए अखिल भाला** (अध्यक्ष, यूथ विंग)

युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ट्रेनिंग दी जा रही है। ताकि वे रोजगार सृजन कर समाज के विकास में योगदान दे सकें। **-प्रवीण परवाल** (सचिव, यूथ विंग)

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि प्रिंट मीडिया के प्रमुख समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका की ओर से बुधवार, दिनांक 8 अप्रेल, 2026 को समाज के सदस्यों को आपसी संवाद हेतु आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान पत्रिका की टीम एवं समाज की ओर से अध्यक्ष श्री उमेश सोनी के नेतृत्व में गये लोगों ने समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सरोकार, समाज के विकास कार्यक्रम, वर्तमान समय में आवश्यक नारी उत्थान आदि विषयों पर अलग-अलग जानकारियाँ साझा की।

राजस्थान पत्रिका की टीम ने भी श्री माहेश्वरी समाज द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की, विशेष रूप से इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया कि माहेश्वरी समाज स्वजातीय बंधुओं के साथ-साथ सर्व समाज के लोगों की भी सेवा कर रहा है।

अन्त में समाज द्वारा प्रस्तावित भावी योजनाओं की जानकारी में 600 बैड का अस्पताल बनाने की जानकारी श्री उमेश सोनी एवं इसके चेयरमैन ( प्रोजेक्ट ) श्री बजरंग लाल बाहेती द्वारा दी गई, जिसे राजस्थान पत्रिका के 9 अप्रेल के संस्करण में काफी भव्यता से प्रकाशित किया गया एवं वहाँ समाज की ओर से गये सभी लोगों के विचारों को भी अलग-अलग प्रकाशित किया गया जो कि बड़े ही गौरव की बात है।

## 12वां राजेश कालानी स्मृति नि:शुल्क मेडिकल कैंप संपन्न

राजेश कालानी फाउंडेशन द्वारा मेदांता, द मेडिसिटी, गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं श्री महेश मेडिकल रिलीफ सोसायटी के सहयोग से आयोजित 12वां राजेश कालानी स्मृति नि:शुल्क मेडिकल कैंप उत्सव, श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में लगभग 2000 से अधिक मरीजों ने विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। राजेश कालानी फाउंडेशन के प्रमुख फाउंडर ट्रस्टी श्री सुरेश कालानी ने सभी डॉक्टरों, सहयोगी संस्थाओं एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं फाउंडर ट्रस्टी श्री शांतीलाल जागेटिया, श्री पुनीत कालानी एवं श्री तरुण कालानी ने भी सभी सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा 'वरिष्ठजन अभिनंदन व महेश दर्पण स्मारिका विमोचन समारोह' का आयोजन




जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति द्वारा दिनांक 29 मार्च 2026 को भव्य वरिष्ठजन अभिनंदन एवं महेश दर्पण स्मारिका विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। लगभग 400 समाज के गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस अभिनंदन समारोह में 117 वरिष्ठ जनों का तिलक-दुपट्टा, शॉल व श्रीफल भेंटकर पूर्ण श्रद्धाभाव से गरिमामय सम्मान किया गया। वरिष्ठजनों के समारोह स्थल पर प्रवेश करते ही ढोल बजाकर व कच्छी घोड़ी के नृत्य द्वारा उनका भावभीना प्रवेश कराया गया। दीप प्रज्वलन व महेश वंदना गायन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा के प्रमुख उद्योगपति श्री प्रकाशजी पोरवाल, विशिष्ट अथितिद्वय प्रमुख उद्योगपति श्री निर्मलजी मूंदड़ा व प्रमुख रत्न व्यवसायी श्री रामसहायजी मांधना व स्वागताध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी श्री हनुमानप्रसादजी बाहेती को बनाया गया।

विशिष्ट सहयोगी के रूप में श्री बजरंगजी बाहेती, प्रदीपजी सोमानी, गौरीशंकरजी परवाल, देवीप्रसादजी बिहानी, रामवल्लभजी जाखोटिया व रामदास राठी मेमोरियल ट्रस्ट ने सहयोग किया। कार्यक्रम संयोजक श्री बृजेश कुमार लड्ढा एवं उद्घोषक की भूमिका में श्री सत्यनारायणजी सारडा थे।



।। श्री महेश्वराय नमः ।।

# जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति

( पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा से सम्बद्ध )

चुनाव कार्यालय : महेश अस्पताल, तोपखाने का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर-302001

मोबाइल नं. : 9829461340, 9460764099

## जयपुर शहर के समस्त माहेश्वरी परिवारों के लिए आवश्यक सूचना
## जयपुर शहर की क्षेत्रीय सभाओं के सत्र 2026-2029 हेतु

## चुनाव सूचना

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा एवं पूर्वोत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के निर्देशानुसार श्रृंखलाबद्ध संगठन की अवधारणा एवं ''संगठन आपके द्वार'' की क्रियान्विति को ध्यान में रखते हुए गत सत्र में जयपुर शहर ( जिस शहर में 1000 से ज्यादा परिवार है ) में निम्न 4 क्षेत्रीय माहेश्वरी सभाओं का गठन किया गया था। क्षेत्रीय सभाओं के पंचम सत्र हेतु चौकड़ीवार कार्यकारी मंडल के सदस्यों का निर्वाचन निम्न प्रकार होगा :-

### क्षेत्र (1) क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा-परकोटा, जयपुर

| क्र. | चौकड़ी | सीट |
|---|---|---|
| 1. | विश्वेश्वरजी | 14 |
| 2. | पुरानी बस्ती | 19 |
| 3. | तोपखाना देश | 10 |
| 4. | मोदीखाना | 4 |
| 5. | घाट दरवाजा | 5 |
| 6. | रामचन्द्रजी | 14 |
| | **कुल** | **66** |

### क्षेत्र (2) क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा-झोटवाड़ा, जयपुर

| क्र. | चौकड़ी | सीट |
|---|---|---|
| 7. | शास्त्री नगर | 18 |
| 8. | झोटवाड़ा ( मुरलीपुरा, विद्याधर नगर ढहर के बालाजी आदि ) | 78 |
| | **कुल** | **96** |

### क्षेत्र (3) क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा-सोड़ाला, जयपुर

| | | |
|---|---|---|
| 9. | बनीपार्क | 18 |
| 10. | सी-स्कीम | 9 |
| 11. | सोडाला ( मानसरोवर, वैशाली नगर, श्याम नगर, अजमेर रोड आदि ) | 69 |
| | **कुल** | **96** |

### क्षेत्र (4) क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा-टोंक फाटक, जयपुर

| | | |
|---|---|---|
| 12. | टोंक फाटक ( सांगानेर, दुर्गापुरा सहित ) | 54 |
| 13. | बापू नगर ( मालवीय नगर, जगतपुरा सहित ) | 28 |
| 14. | आदर्श नगर | 9 |
| 15. | सेठी कॉलोनी | 5 |
| | **कुल** | **96** |

उपरोक्तानुसार क्षेत्र सं. ( 1 ) से 66 तथा ( 2 ), ( 3 ) व ( 4 ) प्रत्येक में 96 कार्यकारी मंडल सदस्यों का चुनाव होगा। महासभा के द्वारा जारी मॉडल विधान एवं निर्देशों की पालना में क्षेत्रीय सभा के पदाधिकारियों का चुनाव दिनांक 26.04.2026 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। जो कि नव निर्वाचित कार्यकारी मण्डल में पदाधिकारी सदस्य होंगे। कार्यकारी मण्डल के सदस्यों के चुनाव के पश्चात् प्रत्येक क्षेत्र के नव निर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्षों द्वारा 5 सदस्य मनोनीत किए जावेंगे।

**सदस्य एवं मतदाता :** क्षेत्रीय सभाओं के विधान के अनुसार क्षेत्र में निवास करने वाले प्रत्येक परिवार को एक इकाई माना गया है। तदनुसार जयपुर शहर में निवास करने वाले प्रत्येक परिवार के मुखिया अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य ही मतदाता होंगे। जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं के कार्यकारी मण्डल सदस्यों का चुनाव निर्धारित संख्या में ( चौकड़ी अनुसार ) सम्बन्धित चौकड़ी के मतदाताओं द्वारा ही किया जावेगा।

**न्यूनतम योग्यता / पात्रता एवं नामांकन शुल्क :** कार्यकारी मंडल सदस्य के प्रत्याशी की न्यूनतम उम्र 30 वर्ष होगी। परिवार का मुखिया अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति ( सदस्य ) ही प्रत्याशी बन सकेगा।

प्रत्येक प्रत्याशी को नामांकन पत्र हेतु शुल्क रू. 200/- नकद जमा करवाना होगा तथा मूल रसीद साथ लगानी होगी।

नाम वापिस लेने की स्थिति में नामांकन शुल्क की राशि वापिस नहीं होगी।

**चुनाव सम्बन्धी अन्य नियम एवं सूचनाएँ :**

( 1 ) चुनाव हेतु नामांकन पत्र उपरोक्त चुनाव कार्यालय से रू. 200/- जमा करवा कर प्राप्त किया जा सकेगा।

( 2 ) मतदाता सूची की फोटो प्रति पांच रूपये ( रू. 5/- ) प्रति पेज भुगतान कर चुनाव कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगी। सूची प्राप्त करने के लिए चुनाव अधिकारी को एक दिन पूर्व बताना होगा।

( 3 ) चुनाव के समय मतदाता के पहचान के लिए भारत सरकार/राजस्थान सरकार द्वारा जारी पहचान हेतु मूल (Orginal) दस्तावेज जरूरी है जैसे - मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेन्स, पासपोर्ट, आधार कार्ड को ही मान्यता होगी।

( 4 ) सम्माननीय सदस्य अपने सम्बन्धित क्षेत्र/चौकड़ी से ही मतदाता/उम्मीदवार/अनुमोदक बन सकता है।

( 5 ) उम्मीदवार यथास्थान पर महासभा द्वारा जारी मतदाता सूची के अनुसार अपनी परिवार आईडी संख्या अवश्य अंकित करे।

( 6 ) जिस क्षेत्र/चौकड़ी से जितने सदस्य निर्वाचित होने हैं - एक सदस्य अधिकतम कुल निर्धारित स्थान की संख्या तक ही उम्मीदवार का अनुमोदक हो सकता है।

( 7 ) निर्धारित स्थान से अधिक उम्मीदवारों के नाम के सामने मोहर लगाने पर मतपत्र रद्द हो जावेगा।

# चुनाव कार्यक्रम

( कार्यालय समय : दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक )

( 1 ) नामांकन पत्र चुनाव कार्यालय से 9.05.2026 से 13.05.2026 तक सायं 3 बजे से 6 बजे के मध्य प्राप्त किए जा सकते हैं।

( 2 ) नामांकन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 14.05.2026 को सायं 3 से 6 बजे तक जमा करवाये जा सकते है। प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच के बाद अधिकृत उम्मीदवारों की सूची 15.05.2026 को चुनाव कार्यालय में सायं 6 बजे पश्चात देखी जा सकती है।

( 3 ) नाम वापसी की अंतिम तिथि 16.05.2026 को सायं 3 से 6 बजे तक है। नाम वापसी हेतु फार्म संयोजक, जिला चुनाव समिति से प्राप्त कर सकते है।

( 4 ) उम्मीदवारों की अंतिम सूची 16.05.2026 को सायं 7 बजे चुनाव कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

( 5 ) चुनाव हेतु मतदान होने की स्थिति में चुनाव दिनांक 17.05.2026, रविवार को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक करवाये जायेंगे। जिसकी विस्तृत सूचना चुनाव कार्यालय में सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जावेगी। इस संबंध में अन्य कोई सूचना प्रकाशित अथवा प्रेषित नहीं की जावेगी।

( 6 ) मतदान होने की स्थिति में मतगणना मतदान के दिन अथव दूसरे दिन की जाएगी एवं परिणाम घोषित कर दिए जावेंगे।

( 7 ) संयोजक, चुनाव समिति ( जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति ) आवश्यकता होने पर सलाहकार समिति के सदस्यों सर्वश्री कैलाश सोनी, जुगलकिशोर जी सोमाणी, रामअवतार आगीवाल, सुरेन्द्र बजाज एवं गोविन्द परवाल से राय ले सकते हैं। अंतिम निर्णय संयोजक, जिला चुनाव समिति का ही मान्य होगा।

## कार्यसमिति का गठन सम्बन्धी प्रक्रिया :

( 1 ) जिन क्षेत्रों/चौकड़ियों के नाम नहीं आवेंगे/कम आवेंगे - उनकी पूर्ति क्षेत्रीय कार्यकारी मंडल सदस्यों द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र एवं चौकड़ी से की जावेगी। कार्यकारी मण्डल के सदस्यों का सत्र शुल्क 200/- रूपये होगा।

( 2 ) अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का चुनाव सत्र 2022-2025 कार्यकारी मण्डल सदस्यों द्वारा किया जायेगा। सभी पदाधिकारी नव निर्वाचित कार्यकारी मण्डल में सदस्य होंगे।

( 3 ) कार्यकारी मण्डल के गठन के पश्चात् नव निर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी मण्डल में 5 सदस्य मनोनीत किए जावेंगे।

( 4 ) कार्यकारी मण्डल के सदस्यों द्वारा कार्यसमिति के लिए 10 सदस्यों का चुनाव नवनिर्वाचित कार्यकारी मण्डल के सदस्यों में से किया जावेगा। तत्पश्चात् क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी मण्डल के सदस्यों में से कार्यसमिति के लिए 3 सदस्य मनोनीत किये जावेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित कार्यसमिति के कुल 21 सदस्य होंगे।

( 5 ) पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों के लिए निर्धारित शुल्क
अध्यक्ष-1100/- रूपये, अन्य पदाधिकारी - 500 रूपये कार्यसमिति सदस्य - 300/- रूपये।
कार्यकारी मण्डल सदस्य 200/- रूपये है। उपरोक्त सभी पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों का निर्धारित शुल्क कार्यकारी मंडल सदस्यता सत्र शुल्क 200/- रू. के अलावा अतिरिक्त से देय होगा।

**नोट –**

( 1 ) क्षेत्रीय माहेश्वरी सभाओं के चुनाव क्षेत्रीय सभाओं के विधान एवं महासभा द्वारा जारी मॉडल विधान एवं निर्देशों को ध्यान में रखते हुए करवाये जावेंगे।

( 2 ) क्षेत्रीय सभाओं की कार्यसमिति के सदस्यों द्वारा ही जिला सभा के विधान में निर्धारित क्षेत्रवार/ चौकड़ीवार संख्या के अनुसार जिला कार्यकारी मंडल सदस्यों का चयन/निर्वाचन किया जावेगा।

( 3 ) चुनाव प्रक्रिया के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी चाहें तो जिला सभा के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बजाज ( मो. 9829026427 ) एवं संयोजक, जिला चुनाव समिति से सम्पर्क कर सकते हैं।

( 4 ) किसी भी विवाद पर संयोजक, जिला चुनाव समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

( 5 ) ग्रामीण क्षेत्र के कुछ मतदाता सदस्य जो श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के भी सदस्य है, एक ही स्थान से चुनाव में भाग ले सकेंगे।

**चुनाव सम्बन्धी यह सूचना वैधानिक सूचना है। अलग से कोई परिपत्र नहीं भेजा जायेगा।**

**नोट :** जयपुर शहर की सभी क्षेत्रीय सभाओं तथा जिला सभा सत्र 2026-29 के पदाधिकारियों का चुनाव वर्तमान सत्र ( 2022-25 ) के कार्यकारी मण्डल सदस्यों द्वारा दिनांक 26.04.2026 एवं दिनांक 03.05.2026 क्रमश: तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। इसके सम्बन्ध में सभी क्षेत्रीय एवं जिला कार्यकारी मंडल सदस्यों ( सत्र 2022-25 ) को अलग से चुनाव कार्यक्रम भेजा जा रहा है।

दिनांक : 25.03.2026


मालचन्द बाहेती
संयोजक, जिला चुनाव समिति
9829461340, 9460764099

सत्यनारायण मोदानी
सह संयोजक, चुनाव समिति
9414074134

श्यामसुन्दर मूंदड़ा
सह संयोजक, चुनाव समिति
9414377440




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# ''अभिनन्दन''

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883

Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन

द्वितीय तल (Unit-II) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)

तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष - श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )**
महामंत्री - श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संचालन समिति** ( सत्र 2025-28 )

**रमेश सोमानी**
चेयरमैन

**राधामोहन तोतला**
वाईस चेयरमैन ( संचालन )

**गौरीशंकर परवाल**
वाईस चेयरमैन ( वित्त )

**राजेश कुमार सोढ़ानी**
सचिव

**विनेश कुमार मालपानी**
सह सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मांधना**
भवन मंत्री

**सीए. दिनेश कुमार भट्टड़**
कोषाध्यक्ष

सदस्यगण : गिरिराज प्रसाद कालानी, पवन कुमार आगीवाल, रामअवतार तोषनीवाल, सूर्यप्रकाश गगरानी

मानद प्रशासक : रमेश चन्द जाखोटिया, मानद सह-प्रशासक : रविशंकर जाजू, रजत काबरा

## हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**श्री जय कृष्ण जाजू** को Indian Chamber of Commerce, Rajasthan के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर।



**आर्षी काबरा** सुपुत्री श्रीमती शालिनी-गौरव काबरा एवं **अवि काबरा** सुपुत्री श्री कविता-साकेत काबरा को RBSE की दसवीं की परीक्षा में क्रमशः 97 प्रतिशत एवं 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर।

**श्रीमती अनुराधा कचोलिया** को भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा उपाध्यक्षा, राजस्थान नियुक्त किये जाने पर।





**मोनिका राठी** सुपुत्री श्रीमती गीता-रामस्वरूप राठी को "Municipal Solid Waste Management" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत करने करने पर।

साहित्योदय संस्था द्वारा आयोजित 24 घंटे के वर्ल्ड रिकॉर्ड कविता पाठ में **श्री सत्यनारायण शारदा** की प्रस्तुति का U N Book of World Records में नाम दर्ज होने पर।





जोधपुर में आयोजित माहेश्वरी समाज के महाकुंभ एमजीसी-2026 में श्री लेखराज जी लद्घड़ को समाज गौरव की उपाधि प्राप्त होने पर।

**पार्थ मालपानी** सुपुत्र स्व. श्रीमती सरोज-बृजमोहन को CMA फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।





**तन्मय लद्धा** सुपुत्र श्रीमती अलका-आलोक माहेश्वरी को ICA I द्वारा आयोजित चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।







# नारी शक्ति वंदन अधिनियम : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा भव्य पैनल चर्चा का सफल आयोजन












श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के तत्वावधान में 14 अप्रेल 2026 को समाज परिसर, एमपीएस इंटरनेशनल में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर एक भव्य एवं सारगर्भित पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजनीति, उद्योग, शिक्षा, कानून और सामाजिक सरोकार से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ नीति निर्माण में उनकी बढ़ती भागीदारी पर गहन विमर्श किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के महामंत्री सीए. रोहित परवाल के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति समाज की प्रगति का मूल आधार है और श्री माहेश्वरी समाज सदैव महिलाओं को नेतृत्वकारी भूमिकाओं में आगे लाने हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती राखी राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अलका मूंदड़ा, और प्रदेश सचिव श्रीमती एकता अग्रवाल का बुके एवं दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सत्र का कुशल संचालन आईसीसी राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन श्री जेके जाजू ने किया।










सांसद मंजू शर्मा ने अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं की राजनीति और नीति निर्माण में भागीदारी को कानूनी मजबूती देगा, जिससे देश के विकास में महिलाओं की भूमिका और अधिक सशक्त होगी। राखी राठौड़ ने 'परिवार से व्यापार, पंचायत से पार्लियामेंट' का मंत्र देते हुए कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना 2047 के विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता।

**कार्यक्रम के दौरान दो विशेष पैनल बनाए गए जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की विषय विशेषज्ञों ने महिला नेतृत्व के इकोसिस्टम पर चर्चा की :**

**पैनल-A :** इसमें डॉ. शीनू झंवर, गरिमा जाजू, सुमन गट्टानी, सोनिया माहेश्वरी और निवेदिता सारड़ा ने भाग लिया। गरिमा जाजू ने जोर दिया कि अब केवल 'भागीदारी' नहीं बल्कि 'महिला नेतृत्व वाले विकास' का समय है। उन्होंने मातृत्व और देखभाल जैसे चरणों में महिलाओं को सहयोग देने की वकालत की।

**पैनल-B :** इसमें सोनिया भंसाली, पूजा काबरा, डॉ. सुनीता पेरीवाल, स्नेहलता साबू और ज्योति तोतला ने हिस्सा लिया। उन्होंने शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं तक पहुँचाने पर अपने विचार रखें।

चर्चा का समापन करते हुए जेके जाजू ने कहा कि इस अधिनियम को समाज के हर वर्ग-उद्यमियों, वकीलों और अधिकारियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। अंत में महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता साबू ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित सभी वक्ताओं ने इस ऐतिहासिक अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विशेष आभार व्यक्त किया।

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा आयोजित यह परिचर्चा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक मील का पत्थर साबित हुई।









## कार्यक्रम की मीडिया कवरेज


नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पैनल चर्चा का आयोजन

हेलाओं के 33% प्रतिनिधित्व को मिल
हा जन समर्थन, जल्द पूरा होगा लक्ष्य

हमें सक्षम प्रतिनिधियों की तलाश नहीं करनी पड़ेगी, बल्कि वह पहले से हैं मौजूद

महिलाएं राजनीति-सामाजिक कार्य समेत हर क्षेत्र में देंगी योगदान

चर्चा के लिए दो पैनल बनाए

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर

'नारी शक्ति आज के समाज की प्रगति का मूल आधार'

अध्यक्ष राखी राठौड़ ने अधिनि
के महत्व पर प्रकाश डाल
कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों
विशेषज्ञों ने महिला नेतृत्व
इकोसिस्टम पर चर्चा की। पैनल
डॉ. शीनू झंवर, गरिमा जाजू, सुमन
ट्टानी, सोनिया माहेश्वरी और
रुचि साबू ने विचार रखे। सोनिया
हेश्वरी ने कहा कि अब समय
वल भागीदारी का नहीं

माहेश्वरी समाज; नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम, महिला नेतृत्व पर जोर

मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश सचिव

ICC राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन जय कृष्ण जाजू ने की चर्चा

समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

आ
भा
र



✿ स्व. श्रीमती ऊषा देवी मून्दड़ा की पुण्य स्मृति में श्री माणकचन्द जी मून्दड़ा ( पति ), श्रीमती प्रीती-श्री राजेन्द्र मंत्री, श्रीमती वन्दना-श्री अनिल साबू ( बेटी-जवाई ) श्रीमती राजकमल-श्री राजदीप मून्दड़ा, श्रीमती निशा-श्री संदीप मून्दड़ा ( महेश सेवा कोष मंत्री श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )( पुत्र-पुत्र वधु ) द्वारा कृष्णधाम वृद्धाश्रम में प्रस्तावित तृतीय तल पर एक कमरे के निर्माण हेतु सहयोग राशि- 5,01,000/- की स्वीकृति प्रदान की गई।

✿ आंगन NGO, फरीदाबाद टीम जयपुर के बच्चों द्वारा कृष्णधाम वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों के साथ अनुभव साझा किए व उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में सभी वरिष्ठजनों के प्रति आदर-सत्कार के संस्कारो का विकास होता है। बच्चों ने 2 घंटे का समय वरिष्ठजनों के साथ बिताया।

✿ डॉ. एस.बी.दावे ( योग, एक्यूप्रेशर, चुम्बक परामर्श केन्द्र ) नयाखेड़ा, जयपुर द्वारा दिनांक- 08.04.2026 को कृष्णधाम-वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों को अपनी सेवायें नि:शुल्क प्रदान की। डॉक्टर की सलाह पर शाम 7:00 से 7.30 तक एक्युप्रेशर का कार्यक्रम नित्य किया जा रहा है। प्रवासियों को एक्युप्रेशर उपकरण भी वृद्धाश्रम द्वारा उपलब्ध करवाये गए हैं।

## नियमित नये जुड़े मासिक सहयोगी

( न्यूनतम अवधि एक वर्ष तक के लिए )

| क्र. सं. | विवरण | सहयोग राशी ( ₹ ) |
|---|---|---|
| 1. | श्री सोहनलाल सरस्वती देवी बजाज मेमोरियल फाउंडेशन श्री सुरेन्द्र जी बजाज एंवं श्री श्याम जी बजाज ( मेडिकल ) | 2,100 |
| 2. | स्व. श्री कुंज बिहारी टांक पुत्र स्व. श्री गोविन्द नारायण टांक मुरलीपुरा स्कीम की पुण्य स्मृति में श्रीमती सुमन देवी टांक ( पत्नी ) एवं श्री भरत टांक ( पुत्र ) द्वारा ( राशन-मेडिकल ) | 4,200 |

अन्य सहयोगी : 1. श्री गोपी कृष्ण जी जाजू - तेल- 1 टिन, घी - 1 किग्रा.

**भोजन प्रसादी ( आश्रमवासियों संग ) द्वारा :-**

सर्वश्री/श्रीमती सुप्रिया बाहेती, रश्मि बाहेती, रितु अग्रवाल, चन्दा- श्रवण सोमानी, अंकुम-अभिषेक राठी, माणकचन्द मूंदड़ा, मितुल माहेश्वरी, आयुष अनिल सोमानी खाचरियावास, दौलत कुमार नुवाल, दुष्यन्त शर्मा, लिखमीचंद आगीवल, डॉ जे. पी. काबरा, सविता मून्दड़ा, विद्या, गिरिराज काबरा, वरुण खन्ना।

**समस्त सहयोगकर्ता का हृदय से आभार**

## वृद्धाश्रम समाज के लिए वरदान या अभिशाप

वृद्धाश्रम पर पधारने वाले ज्यादातर लोगों का एक ही सवाल होता है यहाँ लोग किस कारण से आते है ?

1. उच्च शिक्षा के कारण बच्चों का महानगरों या विदेशों में पलायन के कारण वृद्ध माता-पिता अकेले रहने पर मजबूर हैं। सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, घर की जरुरी सामान की आपूर्ति करना उन्हें असहज महसूस होता है। रोज समाचार पत्रों में आता है बुजुर्ग दम्पति को बांधकर लूट-पाट। धन-धान्य से समृद्ध दम्पति भी सुरक्षा कारणों से अकेले रहने से डरा हुआ महसूस करता है।
2. बच्चों सहित सभी पारिवारिक सदस्यों का जीवन अत्यधिक व्यस्ततम होना। वरिष्ठजनों को महसूस होता है कि उनका घर पर कोई मान-सम्मान नहीं है। किसी भी सदस्य को उनसे बैठकर बातचित करना तो दूर हाल-चाल पुछने का भी समय नहीं है।
3. बिना बच्चों के वृद्ध दम्पति : ऐसी परिस्थिति में किसी एक के परलोक सिधारने पर अकेले रहना और भी विषम।
4. वृद्ध दम्पति के पास आवास व स्वास्थ्य हेतु पर्याप्त धन अभाव होना।
5. केवल लड़कियों वाले वृद्ध दम्पति : लड़कियों की शादी की जिम्मेदारी निभाने के बाद अकेले रहने से होने वाली दिक्कतें।
6. संयुक्त परिवार विघटन होना। पुराने जमाने में संयुक्त परिवार प्रथा होने से वरिष्ठजनों की देखभाल करना आसान था जो अब एकल परिवार द्वारा प्रबन्ध करना मुश्किल हो गया है।
7. अविवाहित पुरुष या महिला का उम्र दराज होने पर अकेला रहना।
8. उम्र दराज होने के कारण वृद्धजनों का स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाना जिससे नही पीढ़ी के साथ उनका सामंजस्य नहीं बैठना।

समाज के लिए सुझाव : माता-पिता की विवाह वर्षगांठ, बच्चों के जन्मदिन आदि खुशी के अन्य अवसरों पर बच्चों को साथ लेकर वृद्धाश्रम जाना चाहिए। ताकि उनके मन में माता-पिता के प्रति आदर-सत्कार-सेवा की भावनाओं का संचार हो। कई NGO स्कूल व कॉलेज के बच्चों को वृद्धाश्रम का दौरा करवाकर इस दिशा में सकारात्मक कार्य कर रहे हैं।

सत्यनारायण करवा ( वरिष्ठजन आवास एवं कल्याण मंत्री ) मो. 92140-67771


# कृष्णधाम वृद्धाश्रम

( श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित )

उत्सव जनोपयोगी भवन के पास, पी-10ए, सेक्टर-2, विद्याधर नगर, जयपुर-39

**जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं आपके अन्य खुशी का दिन वृद्धाश्रम में निवासरत आदरणीय वृद्धजनों के साथ मनायें व उनका असीम आशीर्वाद प्राप्त करें।**

**प्रातः नाश्ता : 2,100/-** ( समय : प्रातः 9:00 से 9:30 बजे )

**दोपहर भोजन : 5,100/-** ( समय : दोपहर- 12 से 1 बजे )

**रात्रि भोजन : 5,100/-** ( समय : शाम- 7:00 से 8:00 बजे )

विशेष : मेजबान नाश्ता 50/- एवं लंच/डीनर 100/- रुपये प्रति व्यक्ति अतिरिक्त।

BANK A/C Detail

SHRI MAHESHWARI SAMAJ VRADHASHRAM, JAIPUR
A/c No. 2111000000000151 • IFSC : AUBL0002163
Bank Name : AU Small Finance Bank Ltd., Ambabari

सम्पर्क सूत्र : 9079018860

# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय अथवा मेल आईडी jmpatrika@gmail.com पर प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। – **संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



### पिछले अंक में दी गई रंग भरो प्रविष्टियों में से प्राप्त प्रथम 5 उत्कृष्ट प्रविष्टियां



नाम
निविका तोषनीवाल
सुपुत्री
श्री मनोज तोषनीवाल
आयु 7 वर्ष



नाम
आराध्या माहेश्वरी
सुपुत्री
श्री आलोक माहेश्वरी
आयु 10 वर्ष



नाम
प्रिशा सोमानी
सुपुत्री
श्री प्रतीक सोमानी
आयु 5 वर्ष



नाम
विहान धूत
सुपुत्र
श्री मनीष धूत
आयु 11 वर्ष



नाम
विनय साबू
सुपुत्र
श्री
आयु .. वर्ष

# Creative Corner




# WORD POWER

## VOCABULARY CORNER

**"The Spooky Night"**

One day a girl was sitting in her rickety tent, it was an adventure for her because the tent had many things inside it. So she was really curious to know about it. But she was scared too. After sometime the tent started to shake in a bad way and the girl started crying for help but no one was there to help her because it was already 1'o clock at night, so she quickly clenched the tent nicely.

After sometime she glimpsed at the main gate of the tent and said to herself, "Why is the gate opening again and again". Then she saw that all her favourite toys had started to stench which she could not bear. After all of this she started behaving hideous like something had been so horrible. She trampled all the books and toys and now they were all in tatters.

She was so angry that she began to scream with a piercing voice. Since she was inside the tent, the door began to shake and it finally fell down. It is now in a rundown condition.

– **Vaidehee Kalani** (8 years)

**An Adventurous escapade**

What Started as an exciting adventure soon turned into a test of courage. We decide to explore a rundown village at the edge of a forest, reached by a narrow, rickety wooden bridge. As we stepped onto it, a piercing cry broke the silence, sending shivers down our spines.

Most of the houses were in tatters, their roofs broken and walls crumbling. Suddenly, I caught a glimpse of something moving behind a window. A hideous figure emerged, and with it came a foul stench that filled the air. In panic, people began to trample over fallen branches while trying to escape.

I clenched my teeth, grabbed my friend's hand, and pulled them towards the forest path. Breathless but safe, we realized that not every adventure ends with a smile, some leave behind lessons, memories and story to tell forever.

– **Vaanie Mundhra**, Class-5

## वर्ग पहेली-26

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | | ■ |
| | ■ | 5 | | | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | 8 | | ■ | | ■ | 9 | | |
| ■ | | ■ | 10 | | 11 | | ■ | |
| 12 | | ■ | | ■ | | ■ | 13 | |
| | ■ | 14 | | 15 | | ■ | | ■ |
| 16 | | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | | ■ | |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | | |

### संकेत– बाएँ से दाएँ

1. भेंट ( 3 )
3. गजानन ( 4 )
5. चिह्न, संकेत ( 3 )
7. एक रंग, काषाय ( 3 )
9. प्रासाद ( 3 )
10. सुखी एवं संपन्न ( 4 )
12. विलम्ब ( 2 )
13. घुँघची, रत्ती ( 2 )
14. नानक पंथी प्रवचन ( 4 )
16. स्वादिष्ट ( 3 )
17. कुटुम्ब, परिवार ( 3 )
19. अली, भौंरा ( 3 )
20. श्रीकृष्ण ( 4 )
21. लट्ठबाज ( 3 )

## वर्ग पहेली 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कु | श | 2 ल | ■ | 3 क | पि | 4 ला | क्षी | ■ |
| लि | ■ | 5 गा | य | क | ■ | ज | ■ | 6 अ |
| 7 श | 8 गु | न | ■ | ह | ■ | 9 वं | द | न |
| ■ | ला | ■ | 10 श | रा | 11 र | ती | ■ | ब |
| 12 क | म | ■ | क | ■ | सो | ■ | 13 ज | न |
| ठ | ■ | 14 ब | ट | 15 लो | ई | ■ | न | ■ |
| 16 मु | कु | ट | ■ | ट | ■ | 17 वि | क | 18 ल |
| ल्ला | ■ | ख | ■ | 19 पो | ख | र | ■ | ट |
| ■ | 20 त | रा | व | ट | ■ | 21 त | ड़ | का |

### ऊपर से नीचे–

1. सुगंध, महक, खुशबू, सुरभि ( 3 )
2. पद-तल ( 3 )
3. विशेष पहनावा, वेशभूषा, ड्रेस ( 4 )
4. सुवास, आमोद ( 4 )
6. जोड़ेदार बाँसुरी वाला वाद्य ( 4 )
8. कपड़े की गाँठ ( 3 )
10. स्वाभिमानी ( 3 )
11. अवस्था ( 3 )
12. मंदिर ( 4 )
13. गूँज ( 3 )
14. निर्वाह, बसर ( 4 )
15. असमंजसता, कुंठित बुद्धि ( 4 )
17. क्रौंच, घुँघराले बाल ( 3 )
18. संबंध में, विषय में ( 3 )

# महा रक्तदान शिविर – सेवा, समर्पण और समाज का गौरव



श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल, जयपुर द्वारा देहदानी श्री रामदास जी मंत्री की अष्टम पुण्यतिथि (गणगौर बेसन) के पावन अवसर पर आयोजित महा रक्तदान शिविर सेवा, समर्पण एवं सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण बनकर उभरा। दिनांक 12 अप्रैल 2026 को उत्सव, विद्याधर नगर, जयपुर में आयोजित इस शिविर में समाज के प्रत्येक वर्ग—युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजनो ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। परिणामस्वरूप इस महाअभियान में कुल 1013 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।यह सेवा यात्रा मंत्री परिवार (गणगौर बेसन) के आर्थिक सहयोग से सम्पन्न हुई।

## प्रेरणादायक श्रृंखला के सफल पड़ाव

इस महा आयोजन से पूर्व भी रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सतत प्रयास किए गए। 5 अप्रैल को पहली बार जैसिंहपुरा खोर में आयोजित शिविर में 32 यूनिट रक्त संग्रहित कर एक नई शुरुआत की गई। इसके पश्चात 9 एवं 10 अप्रैल को ECMS के सहयोग से विभिन्न विद्यालयों में आयोजित शिविरों ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विद्यालयों में आयोजित रक्तदान शिविरों में भी युवाओं का उत्साह उल्लेखनीय रहा, जहां प्रत्येक विद्यालय में समर्पित प्रतिनिधियों ने जिम्मेदारीपूर्वक नेतृत्व निभाया। MHS तिलक नगर में प्रशांत लड्ढ़ा एवं विनायक गट्टानी, MPS इंटरनेशनल तिलक नगर में पुनीत खटोड़ एवं गौरव मंत्री, MPS जवाहर नगर में गौरव परवाल एवं शिवम मूंदड़ा, MPS प्रताप नगर में योगेश जाजू एवं विनय तोतला, MPS, बगरू में अर्पित बाहेती एवं शुभम सोनी, तथा MPS कालवाड़ में भारत चांडक, पल्लव फलोड एवं माधव बाहेती ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए शिविरों को सफल बनाया।






## सहयोग, सेवा एवं विशेष आकर्षण

इस महाअभियान में 6 प्रमुख ब्लड बैंकों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। जिनमें SMS ब्लड बैंक, SDMH ब्लड बैंक, EHCC ब्लड बैंक, महात्मा गांधी ब्लड बैंक, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक प्रमुख रहे । शिविर के दिन उपस्थित जनसमूह की संख्या अत्यंत प्रभावशाली रही, जिसने आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया। रक्तदाताओं के सम्मान स्वरूप मंत्री परिवार द्वारा गणगौर के उपहार वितरित किए गए, जिसने वातावरण को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। साथ ही, गणगौर सेवा केंद्र द्वारा निःशुल्क परिंडा वितरण एवं बालाजी फिजियोथेरेपी द्वारा निःशुल्क परामर्श जैसी सेवाओं ने इस आयोजन को बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया।

## नेतृत्व की ऊर्जा और टीम का समर्पण




इस सफल आयोजन में संयोजक श्री नितिन अजमेरा एवं श्री रोहित मंत्री के कुशल संयोजन, अध्यक्ष श्री अखिल भाला के प्रेरणादायक नेतृत्व, सचिव श्री प्रवीण परवाल के उत्कृष्ट समन्वय, तथा चिकित्सा सचिव श्री विजय कृष्ण परवाल की सतत सक्रियता एवं मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा। साथ ही, समस्त पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने इस महाअभियान को एक नई ऊंचाई प्रदान की। यह महा रक्तदान शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की सेवा भावना, एकजुटता एवं मानवता के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा है। ऐसे प्रेरणादायक प्रयास निश्चित ही भविष्य में भी समाज को नई दिशा देते रहेंगे।






रक्त दान










(अंतर्गतः श्री माहेश्वरी समाज,
देहदानी श्री
की अष्टम्
रक्त












PUBLIC SCHOOL
AJMER


राजस्थान पत्रिका
पत्रिका
संवाद





श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर
(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)
पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39
फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416
Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com
समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)
3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा
डॉ. विजेता सुल्तानिया
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM
डॉ. आर.सी. गुप्ता
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM
आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें
सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।
डॉ. विकल्प वशिष्ठ
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
10.30 AM - On Call
डॉ. मनीष जैन
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)
डॉ. ख्याति माहेश्वरी
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM, CDCT, CKTT
9 AM to 2 PM
डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
10 AM to 1 PM
डॉ. संजय खटोड़
(M.B.B.S., M.D. Physician)
श्वांस, दमा एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 11.30 AM TO 1.30 PM
डॉ. विवेक मालपाणी
(M.S.E.N.T.)
नाक, कान, गला व एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 3.30 PM TO 6.00 PM
CT एवं Digital X-Ray
स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम
50% OFF FOR ALL MAHESHWARI'S
*TERMS AND CONDITION APPLY
जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं। नोट : सैम्पल कलैक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)
PREVENTIVE HEALTH CHECKUP खाली पेट
Special Price / ₹2600/-
With Physician Consultation
• CBC
• LIPID PROFILE
• FASTING BLOOD SUGAR
• POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
• BLOOD UREA
• CREATININE
• URIC ACID
• VITAMIN D3
• VITAMIN B12
• T3, T4, TSH
• HBAIC
• LIVER FUNCTION TEST
• ESR
• CALCIUM
• URINE ROUTINE
• PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180
X-Ray Chest PA, ECG
Blood Sugar 35/-
Cholesterol 40/-
SGPT 50/-
Calcium 60/-
CBC 120/-
Thyroid Profile 300/-
Liver Function 250/-
Lipid Profile 300/-
SGOT 50/-
Creatinine 45/-
Urine R/E 50/-
Uric Acid 60/-
E.C.G. 100/-
CRP 150/-
Hb A1C 250/-
RFT 450/-
CARDIO DIABETES PACKAGE खाली पेट
Special Price / ₹700/-
• CBC • FASTING BLOOD SUGAR
• POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
• CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
• HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT
WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)
Special Price / ₹1299/-
• CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
• BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
• RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
• URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST
MRI 3.0 Tesla से
Special Price / ₹3500/-
प्रबंध समिति 2025-2028
उमेश सोनी अध्यक्ष
सी.ए. रोहित माहेश्वरी (परवाल) महामंत्री
डॉ. महेश भूतड़ा स्वास्थ्य मंत्री
मुरारी लाल बिड़ला चेयरमैन
संदीप जाजू समन्वयक
कपिल सोमानी संयोजक



हवन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का परंपरागत व आध्यात्मिक रूप से शुभारंभ। विद्यालय के मानद् सचिव श्री वैभव सोमानी, भवन मंत्री श्री अजय नोवाल, प्राचार्य एवं उपप्राचार्य तथा शिक्षकगण के साथ विद्यार्थियों ने भी हवन में आहुति देकर ईश्वर का आशीर्वाद लिया।



विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार, सात्विकता व अनुशासन का बीजारोपण करने तथा प्रकृति व ईश्वर के प्रति कृतज्ञता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय की दैनिक गतिविधि में गायत्री मंत्र से दिन की शुरुआत करते हुए भोजन मंत्र व शांतिपाठ को किया शामिल।



## शिक्षक अभिभावक सम्मेलन में वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित





विद्यालय में मानद् सचिव श्री वैभव सोमानी की अध्यक्षता में विषयवार विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक कार्यों, पाठ्यक्रम संचालन एवं शिक्षण गुणवत्ता सुधार पर चर्चा करते हुए शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।



विद्यालय की मैग्जीन-कम-डायरी का विमोचन प्रबंध समिति की सभा में विद्यालय के चेयरमैन श्री उमेश सोनी, वाइस चेयरमैन श्री निर्मल दरगड़, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, विद्यालय के मानद् सचिव श्री वैभव सोमानी, कोषाध्यक्ष श्री अरुण मालू, भवनमंत्री श्री अजय नोवाल तथा विद्यालय प्रबंध समिति एवं भवन समिति के सम्मानित सदस्यगण के करकमलों द्वारा किया गया।

## mps Sanskriti®
Pre Primary School

नवीन सत्र के प्रथम दिवस पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हैंड प्रिंटिंग गतिविधि में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता दिखाई। वेलकम उपहार पाकर बच्चे दिखे उत्साहित।





लेवल 3 के विद्यार्थियों ने हर्डल रेस में भाग लेकर सीखा आत्मविश्वास, संतुलन और समन्वय।



लेवल 1 के विद्यार्थियों ने स्पंज स्क्वीजिंग गतिविधि के माध्यम से हाथों की पकड़ मजबूत करने और सूक्ष्म मोटर कौशल सीखने का अनुभव प्राप्त किया।।

ओरिएंटेशन प्रोग्राम में बच्चों को मिला नए दोस्तों से मिलने, टीचर्स से जान-पहचान करने और स्कूल के नियमों को समझने का मौका। पेरेंट्स को भी मिला स्कूल के माहौल को जानने का अवसर।





लेवल 3 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित साउंड एंड हॉप गतिविधि में टॉडलर्स ने मेंढक की तरह कूदते हुए ध्वनि पहचान और शारीरिक संतुलन का अभ्यास किया।

रेड कलर डे पर लेवल 3 के बच्चों ने लाल रंग की वेशभूषा पहनकर रंग पहचान से जुड़ी गतिविधियों में भाग लिया।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर ✆ 2651854, 2653552

## सेवा-सम्मान का अविस्मरणीय अध्याय



दिनांक 28 फरवरी 2026 को गणित विभाग के वरिष्ठ अध्यापक श्री विजय पाल सिंह जी के सम्मान में सेवानिवृत्ति समारोह का गरिमामय आयोजन विद्यालय के तक्षशिला सभागार में किया गया। यह अवसर भावनाओं, सम्मान और स्मृतियों से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव सी.ए. श्री संजय जी बांगड़, एम.एम.सी. के सम्मानीय सदस्य श्री योगेश जी मंधाना, श्री हेमंत जी माहेश्वरी, माननीय महोदय श्री अशोक जी कचोलिया जी, प्राचार्या महोदया श्रीमती रीटा भार्गव तथा उपप्राचार्य महोदय श्री डी.डी. पाठक सहित समस्त वरिष्ठ अध्यापकगण उपस्थित रहे। विद्यालय की समृद्ध परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रबंधन समिति एवं प्राचार्या महोदया जी ने श्री वी.पी. सिंह जी का हार्दिक स्वागत-सत्कार कर उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट किया। मानद सचिव महोदय जी ने अपने उद्बोधन में श्री वी.पी. सिंह जी के 31 वर्ष 8 माह के दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए उनकी निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण को प्रेरणादायी बताया। उपप्राचार्य महोदय द्वारा प्रशस्ति-पत्र का वाचन, भावभीनी विदाई के अवसर पर शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत मधुर गीतों ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। स्मृतियों की झलक को साझा करने हेतु पी.पी.टी. के माध्यम से श्री सिंह जी के सेवाकाल की अविस्मरणीय स्मृतियों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने सभागार में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों को भावुक कर दिया। प्राचार्या महोदया जी ने उनके साथ जुड़े प्रेरणादायी प्रसंग साझा करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की। अंत में, श्री वी.पी. सिंह जी ने समस्त प्रबंधन समिति, विद्यालय प्रशासन एवं विद्यालय परिवार के प्रति अपनी हार्दिक .तज्ञता व्यक्त करते हुए अपने भाव साझा किए।

## नवाचार की दिशा में तीन प्रतिभावान छात्रों की स्वर्णिम उपलब्धि

शिक्षा, संस्कार एवं नवोन्मेष की सुदृढ़ परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि सत्र 2025-26 में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित प्रतिष्ठित INSPIRE-MANAK पुरस्कार योजना हेतु हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की जिज्ञासु प्रवृत्ति एवं सृजनात्मक सोच का प्रमाण है, अपितु विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिक व्यवस्था और मार्गदर्शन की भी साक्षी है। इस विशिष्ट उपलब्धि के अंतर्गत प्रशम जैन (कक्षा 8) ने 'अनियमितताओं की पहचान युक्त निगरानी विमान' विषय पर अभिनव परियोजना को प्रस्तुत किया। त्रिलोक खंडेलवाल (कक्षा 10) ने 'वाहनों हेतु बाह्य एयरबैग' जैसे जन-हितकारी एवं सुरक्षा-केन्द्रित मॉडल का निर्माण किया। दिव्यांश सिंह (कक्षा 11) ने 'स्वचालित उत्तर-पुस्तिका जाँच मशीन' के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी परियोजनाओं के विकास एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी व परियोजना प्रतियोगिता (DLEPC) में सहभागिता हेतु व प्रोत्साहन स्वरूप 10,000 की धनराशि प्रदान की गई, जो उनके नवाचार-यात्रा को और सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी।



## विद्यालय में कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों हेतु अभिभावक उन्मुखीकरण सत्र के कार्यक्रम का सफल आयोजन

विद्यालय में अभिभावकों एवं शिक्षकों के मध्य सुदृढ़ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली अभिभावक उन्मुखीकरण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र विद्यालय की कार्यप्रणाली को निकटता से समझने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या श्रीमती रीटा जी भार्गव ने अपने प्रेरक उद्बोधन में PARENTING अर्थात् छात्रों के पालन-पोषण संबंधी महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सकारात्मक वातावरण, निरंतर संवाद एवं अनुशासन के संतुलन से ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व सुदृढ़ एवं संतुलित बनता है। इसी क्रम में मानद सचिव सी.ए. श्री संजय जी बांगड़ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं जीवन कौशलों के विकास का सशक्त माध्यम है, जो विद्यार्थियों को एक उत्तरदायी नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। सत्र के दौरान विद्यालय की उन्नत अवसंरचना को पी.पी.टी. के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे अभिभावक विद्यालय की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से भली-भाँति परिचित हो सके। विद्यालय द्वारा अपनाई गई 'टू-बैग सिस्टम' की अभिनव पहल से भी अभिभावकों को अवगत कराया गया, जिससे कार्यप्रणाली सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो सके।अभिभावकों को विद्यालय में अपनाई जा रही शिक्षण-पद्धति एवं दैनिक कार्यप्रणाली से भी परिचित कराया गया, जिससे वे अपने बच्चों के शैक्षिक वातावरण को और अधिक निकटता से समझ सके। इस अवसर पर कार्यक्रम की सार्थकता, सुव्यवस्थित संचालन एवं उपयोगी जानकारी ने सभी अभिभावकों को संतुष्ट एवं प्रभावित किया। यह उन्मुखीकरण सत्र विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य समन्वय, विश्वास एवं सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अत्यंत सफल एवं सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

## बाल सुरक्षा की ओर सशक्त कदम : 'CACA' कार्यशाला का प्रभावी आयोजन




31 मार्च 2026 को विद्यालय के तक्षशिला सभागार में कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों हेतु 'CACA परियोजना' पर एक ऑफलाइन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में MPS Intl., MPS, तिलक नगर तथा MBV चौड़ा रास्ता के शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे यह आयोजन एक सहयोगात्मक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव बन सका। कार्यशाला का संचालन सुश्री सुनीति शर्मा, सुश्री भूमिका गौर (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट) एवं सुश्री अरुणिमा सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता) द्वारा किया गया। सत्र के दौरान बाल-जागरूकता एवं संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। विद्यालय की माननीया प्राचार्या महोदया जी ने इसकी आवश्यकता व महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में विशेष रूप से '10 मूल जीवन कौशल' पर हुई चर्चा शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रासंगिक सिद्ध हुई। यह कार्यशाला अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं सुव्यवस्थित होने के कारण शिक्षकों की समझ एवं सजगता को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता मिली।

## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी गर्ल्स सी. सैकण्डरी स्कूल, चौड़ा रास्ता ✆2314646, 2313072

### नव सत्र की शुरुआत, खुशियों से महका विद्यालय परिसर

23 मार्च, 2026 को नवीन सत्र 2026-27 का प्रारम्भ हुआ। विद्यालय में प्रथम दिन उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया व छात्राओं का उत्साह उनकी उपस्थिति से स्पष्ट झलक रहा था। नवीन शिक्षा जगत में अपने पहले कदम को रखने वाली कक्षा प्रथम की बालिकाओं का स्वागत तिलकार्चन द्वारा करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी, उप-प्राचार्य श्री प्रमोद जाजू ने नन्हीं छात्राओं का मुँह मीठा कराया व भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं। कक्षा-कक्षों को सुसज्जित करते हुए छात्राओं को शैक्षिक के साथ सहशैक्षिक गतिविधियों से जोड़ते हुए डांस, ड्राइंग एवं अन्य रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सेल्फी कॉर्नर में विविध फोटो लिए गए। समस्त शिक्षकों के साथ छात्राओं ने शिक्षा वार्ता व विभिन्न गतिविधियों के साथ अपना दिन उत्साह, उमंग से बिताया।







### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्टता की मिसाल, छात्राओं ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव













कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम मार्च माह में घोषित किया गया। सभी बोर्ड कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों ने श्रेष्ठ ग्रेड अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग में 34, विज्ञान वर्ग में 17, कला वर्ग में 5 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वाणिज्य वर्ग में छात्रा प्रीति दत्ता ने 99 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मिसाल कायम की। साथ ही छात्रा साक्षी राजावत ने राज्य वरीयता सूची के प्रथम दस स्थान में अपना नाम अंकित करवा, विद्यालय की कीर्ति में चार चाँद लगाये। विज्ञान वर्ग में छात्रा ऐश्वर्या बृजावत ने 98 प्रतिशत, कला वर्ग में शिब्बी शर्मा ने 95.60 प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

परिणाम उपरांत सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके परिजनों के साथ विद्यालय परिसर में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ECMS के कोषाध्यक्ष श्री अरुण जी मालू, विद्यालय के मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास जी मालू, भवन मंत्री श्री हरिकिशन जी बाहेती, प्रबन्ध समिति के सदस्यगण, विद्यालय प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को पुष्पहार व साफा पहनाकर ट्रॉफी भेंट कर उनका मुँह मीठा कराया। कोषाध्यक्ष महोदय ने अपने आशीर्वचन में छात्राओं को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर हनुमान जी के जीवन चरित्र से कर्मपथ पर अडिग रहकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के मानद् सचिव व भवन मंत्री महोदय ने बेहतर परिणाम द्वारा MBV की कीर्ति पताका बढ़ाने हेतु बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर ✆ 2236571, 2236588

## नए सत्र की शुरुआत, ओरिएंटेशन के साथ




'एक सशक्त शुरुआत ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है।'

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम MGPS में 16 मार्च 2026 तथा MGPS संस्कृति (प्री-प्राइमरी) में 18 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा उन्हें विद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों एवं मूल्यों से अवगत कराना था।

MGPS में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को शैक्षणिक संरचना, विद्यालय की नीतियों, अनुशासन तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु नियमितता, स्वच्छता एवं सक्रिय सहभागिता के महत्व पर विशेष बल दिया गया।

वहीं MGPS संस्कृति (प्री-प्राइमरी) में आयोजित ओरिएंटेशन छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया था। इसमें अभिभावकों को बच्चों के अनुकूल वातावरण, स्वच्छता, दैनिक दिनचर्या, टिफिन संबंधी निर्देश तथा घर और विद्यालय दोनों स्थानों पर सकारात्मक वातावरण बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

दोनों कार्यक्रमों में प्रधानाचार्य महोदया ने अपने संबोधन में अभिभावक एवं विद्यालय के बीच सुदृढ़ साझेदारी की आवश्यकता पर बल दिया, जो बच्चों के आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही अभिभावकों को ECMS ऐप के माध्यम से सुगम संचार, शुल्क प्रबंधन एवं शैक्षणिक जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी परिचित कराया गया।

ये सत्र संवादात्मक एवं ज्ञानवर्धक रहे, जिससे अभिभावकों को स्पष्टता एवं संतोष प्राप्त हुआ। इन ओरिएंटेशन कार्यक्रमों ने नए शैक्षणिक सत्र की सफल एवं सुचारु शुरुआत के लिए विश्वास, सहयोग एवं सकारात्मकता की मजबूत नींव रखी।

## CA इंटरमीडिएट परीक्षा में मिली सफलता

विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं ने CA इंटरमीडिएट परीक्षा और फाउंडेशन परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

CA Intermediate Result, January-2026

| S.No. | Name | Result |
|---|---|---|
| 1. | Chelsi Rungta | Group - I & II |
| 2. | Aditi Jhalani | Group - I & II |
| 3. | Meetushi Agarwal | Group-I |
| 4. | Palak Dhariwal | Group-I |

CA Foundation Result, January-2026

| S.No. | Name |
|---|---|
| 1. | Tanisha Rathi |
| 2. | Aarushi Agarwal |

चेल्सी रूँगटा और अदिति झालानी ने ग्रुप I व और II में सफलता हासिल की। मितुषी अग्रवाल और पलक धारीवाल ने ग्रुप 1 की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। वही CA फाउंडेशन परीक्षा परिणाम में तनिषा राठी और आरुषि अग्रवाल ने सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव श्री आशीष जी जाखोटिया और विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सारिका गौड़ ने छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया




विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर, 2 अप्रैल 2026 को MGPS, जयपुर में कक्षा आठवीं की छात्राओं के लिए एक जानकारीपूर्ण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम CBSE के सोशल-इमोशनल लर्निंग (SEL) फ्रेमवर्क के अनुरूप था, जो विद्यार्थियों में सहानुभूति, समावेशिता, भावनात्मक जागरूकता और जिम्मेदार निर्णय लेने की भावना को बढ़ावा देता है।

इस सत्र की शुरुआत विशेष शिक्षिका श्रीमती रीना पंवार और काउंसलर प्रेक्षा माहेश्वरी द्वारा की गई, जिन्होंने विद्यार्थियों को ऑटिज्म की अवधारणा तथा न्यूरोलॉजिकल विविधता का सम्मान करने के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाया। एक सुव्यवस्थित वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से छात्राओं को ऑटिज्म क्या है, इसकी विशेषताएँ क्या हैं, और ऑटिज्म से प्रभावित व्यक्ति दुनिया को किस प्रकार अलग ढंग से देखते और उससे जुड़ते हैं, यह समझाया गया।

सत्र के दौरान वर्तमान समय में विद्यार्थियों द्वारा अनुभव की जाने वाली विभिन्न मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला गया तथा भावनात्मक सहयोग, धैर्य और खुले संवाद के महत्व को रेखांकित किया गया।

यह कार्यक्रम CBSE&SEL की प्रमुख क्षमताओं- जैसे आत्म-जागरूकता, सामाजिक जागरूकता, सहानुभूति, संबंध निर्माण कौशल और जिम्मेदार व्यवहार- को प्रभावी रूप से दर्शाता है। छात्राओं को अपने साथियों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने, व्यक्तिगत भिन्नताओं की सराहना करने और एक सुरक्षित व सहयोगी विद्यालय वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह जागरूकता अभियान विद्यालय सचिव श्री आशीष जाखोटिया के सहयोग एवं प्रोत्साहन से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिनका निरंतर समर्थन विद्यालय में सार्थक शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती सारिका गौड़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनात्मक विकास और दूसरों के दृष्टिकोण को समझना भी शामिल है। उन्होंने छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में दया, धैर्य और स्वीकार्यता का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया, जो ब्ठैम्‌द्वारा प्रोत्साहित सोशल-इमोशनल लर्निंग की भावना को दर्शाता है।

यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

## MGPS संस्कृति में आयोजित हुई मनोरंजक-शैक्षणिक गतिविधियाँ

MGPS संस्कृति के नन्हे विद्यार्थियों ने रोचक एवं रचनात्मक शिक्षण गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक एवं प्रभावी बनाना था। बच्चों ने रेत पर अपना नाम लिखने की गतिविधि में भाग लिया, जिससे उनका सीखना न केवल मजेदार बना बल्कि उनकी संवेदनात्मक (सेंसरी) क्षमताओं का भी विकास हुआ।

एक अन्य आकर्षक गतिविधि 'नेम क्राउन' (Name Crown) थी, जिसमें बच्चों ने अपने नाम के साथ सुंदर मुकुट तैयार किए और उन्हें पहनकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस गतिविधि से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा तथा उन्होंने अपने नाम को पहचानना भी आनंदपूर्वक सीखा। ये सभी गतिविधियाँ बच्चों के लिए आनंददायक एवं सार्थक रहीं, जिन्होंने सीखने को एक सुखद अनुभव बना दिया।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर ✆ 9116929333, 9116738408

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

कक्षा 1 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए 20 मार्च को विद्यालय के रुद्राक्ष सभागार में एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नन्हें विद्यार्थियों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना तथा अभिभावकों को विद्यालय की शिक्षण पद्धति, नियमों, नीतियों एवं शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक वैद ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की सुदृढ़ नींव होती है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अभिभावकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रार्थना सभा में विशेष आयोजन

विद्यालय की प्रार्थना सभा में राम नवमी एवं महावीर जयंती के पावन अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने भगवान राम के आदर्श जीवन एवं भगवान महावीर के महान संदेशों को आत्मसात करने हेतु प्रभावशाली वाचन प्रस्तुत किया।

छात्रों ने अपने विचारों के माध्यम से सत्य, धर्म, त्याग, अहिंसा एवं करुणा जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उनके इस प्रेरक संदेश से छात्र नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक हुए एवं इन महान आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में उतारने के लिए प्रेरित हुए, जिससे वे एक श्रेष्ठ नागरिक बन सकें।

## माहेश्वरी शिक्षण संस्थाओं में प्रताप नगर ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

ईसीएमएस द्वारा संचालित समस्त सहवर्ती शिक्षण संस्थानों में सीईसी के अंतर्गत आयोजित 2025-26 परीक्षाओं में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर ने अद्वितीय शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए प्रथम स्थान अर्जित कर एक नवीन कीर्तिमान स्थापित किया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यालय की सतत साधना, विद्यार्थियों के अथक परिश्रम तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का सजीव प्रतिफल है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की उत्कृष्टता बनाए रखने का आह्वान किया। निस्संदेह, यह सफलता विद्यालय की शैक्षणिक प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं उत्कृष्टता की परंपरा का उज्ज्वल प्रतीक है।

## UPSC Civil Services में प्राप्त की 156वीं रैंक




विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि वर्ष 2017 बैच की मेधावी छात्रा तन्वी बामनावत ने UPSC Civil Services Examination 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 156वीं रैंक प्राप्त कर एक उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि समस्त विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है। उनकी यह सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। तन्वी की यह सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करेगी।

## विद्यार्थियों ने CA और CS परीक्षाओं में लहराया परचम




2026 में आयोजित प्रतिष्ठित CA एवं CS परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के आठ मेधावी विद्यार्थियों पार्थ अग्रवाल, पलक गर्ग, प्रज्वल शर्मा, पवन जगरवाल, जतिन नरवानी, भावना बियानी, आश्वी लाभी और लोकेश सैनी ने CA Foundation परीक्षा 2026 सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। इसी प्रकार विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वैभव झँवर ने CA Final परीक्षा, जबकि कुणाल जैन ने CA Intermediate परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इसी क्रम में वंशिका अग्रवाल ने CS Final परीक्षा 2026 उत्तीर्ण कर विद्यालय के गौरव में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अशोक वैद तथा प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है तथा यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## विकसित राजस्थान रन 2026


राजस्थान सरकार

विकसित राजस्थान रन 2026

प्रशंसा प्रमाण-पत्र

यह प्रशंसा प्रमाण-पत्र MAHESHWARI PG COLLEGE JAIPUR , Jaipur को रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम में उनकी निष्ठापूर्ण, उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी सहभागिता के लिए प्रदान किया जाता है।

आपके उत्कृष्ट योगदान ने प्रदेश को गौरवान्वित किया है तथा फिट राजस्थान के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हम आपके इस अमूल्य योगदान के लिए आपकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं तथा आपके उज्जवल, सफल एवं सार्थक भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ प्रेषित करते हैं।

I.A.S.

दिनांक: 15 March 2026

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्यभर में 15 मार्च से 30 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 'विकसित राजस्थान रन 2026' कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा अमर जवान ज्योति से किया गया।

इस अवसर पर युवाओं में देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।







महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में सभी ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## विशाल रक्तदान शिविर में सहभागिता

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने समर्पण संस्था द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में भाग लिया। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना रहा।








इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कीर्ति रावत ने स्वयं रक्तदान कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहन मिला। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## उपमुख्यमंत्री द्वारा राज्य स्तरीय समारोह में महाविद्यालय शिक्षक का सम्मान

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के तत्वावधान में दिनांक 24 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रहे।




समारोह के दौरान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कीर्ति रावत को गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023 में राजस्थान राज्य का उत्कृष्ट प्रतिनिधित्व करने तथा उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों एवं योजनाओं के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिकारियों एवं शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में नवाचार, नेतृत्व एवं समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया।

## शिक्षक सम्मान समारोह 2026

जयपुर, 27 मार्च 2026 कर्मा फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह 2026 का भव्य आयोजन जयपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महाविद्यालय की शिक्षिका डॉ. रीटा शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षाविदों, अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज की प्रगति का आधार बताया।



## नए शैक्षणिक सत्र का पहला दिन








23 मार्च 2026 को विद्यार्थियों के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ सभी बच्चों का तिलक लगाकर किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती दलजीत कौर ने प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को उनकी परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी एवं नव वर्ष के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।



## क्ले प्ले/पेपर गिलास गतिविधि

सत्र की आरंभिक गतिविधि के अंतर्गत अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में। बच्चों ने रंगीन मिट्टी (क्ले) का उपयोग करते हुए बहुत ही सुंदर आकृतियाँ बनाई। गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में निर्माण कौशल का विकास करना था।

नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने कागज के गिलास से अलग-अलग तरीके से टॉवर बनाने की कोशिश की जिससे उनमें रचनात्मक तथा समाधान खोजने की योग्यता का विकास हुआ।

## 'Be Yourself' गतिविधि

विद्यालय में कक्षा 2 के विद्यार्थियों के लिए 'Be Yourself' विषय पर एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को अपनी पहचान समझने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी पसंद-नापसंद को खुलकर व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। शिक्षकों ने बच्चों को समझाया कि हर व्यक्ति अलग होता है और यही उसकी खासियत है। बच्चों को यह भी सिखाया गया कि दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी खूबियों को पहचानना और उन पर गर्व करना चाहिए।

छात्र गतिविधियों से अलग शिक्षण प्रणाली को समृद्ध बनाने के लिए ई.सी.एम.एस. द्वारा स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत प्रोजेक्ट CACA (चिल्ड्रन अगेंस्ट चाइल्ड एब्यूज) की एक वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें ई.सी.एम.एस. की सभी विद्यालयी शाखाओं के कक्षा 3 से 8 तक के सभी शिक्षकों ने भाग लिया।

## शिक्षक अभिभावक मिलन

दिनांक 19 मार्च 2026 को एम.पी. एस., अजमेर रोड के परिसर में शिक्षा सत्र का परीक्षा परिणाम अभिभावक शिक्षक मिलन के दौरान घोषित किया गया। बच्चों की उपलब्धियों की सराहना की गई तथा जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, उनके लिए अभिभावकों को सुझाव दिए गए।





## दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# एम.पी.एस. इंटरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक नगर ✆ 2621544, 2621545

### मुदित गुप्ता का मुएथाई विश्व चैंपियनशिप में हुआ चयन



कक्षा 10 के छात्र मुदित गुप्ता आगामी मलेशिया में होने वाली मुएथाई स्कूल विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। इस बड़ी उपलब्धि का जश्न मनाते हुए, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्कूल प्रशासन ने उन्हें हार्दिक बधाई दी।

### पारंपरिक गीतों और फाग के संग जीवंत हुआ होली का उल्लास



हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया गया। सचिव राधामोहन कचोलिया, भवन मंत्री गोविंद मालपानी ,एम एम सी मेंबर्स व प्राचार्या मंजू शर्मा ने लड्डू गोपाल जी को गुलाल और फूल अर्पण करते हुए समस्त विद्यालय परिवार को होली की शुभकामनाएँ दीं।

### विद्यालय में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन



नव सत्र के आरंभ से पूर्व भारतीय संस्कृति का निर्वाह करते हुए सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ जानकीनाथ जी की आरती से हुआ। सर्वविदित है कि विद्यालय के समस्त विद्यार्थी विभिन्न मंत्रों, श्लोकों, स्तुतियों आदि का प्रतिदिन सामूहिक उच्चारण करते हैं, इसी क्रम में समस्त विद्यालय परिवार द्वारा किए गए सामूहिक सुंदरकांड पाठ,



मुग्ध कर देने वाले भजनों व नाम जप से विद्यालय प्रांगण भक्तिमय व सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

### अभिविन्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन



विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ से पूर्व विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा से की गई । विद्यालय प्राचार्या, मंजू शर्मा व प्राइमरी इंचार्ज सुनीता माहेश्वरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नए सत्र की शैक्षणिक रूपरेखा, विद्यालय की नियमावली, पाठ्यक्रम एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित करवाना था।

### नवीन शिक्षण सत्र का उल्लासपूर्ण शुभारंभ

नवीन शिक्षण-सत्र का आगाज अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। प्रथम दिवस पर विद्यालय परिसर उत्सव के रंगों में रंगा हुआ नजर आया। विद्यार्थियों का तिलक एवं अक्षत से पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया जिससे वातावरण में अपनत्व और आनंद की भावना झलक उठी। विद्यालय का प्रशंसनीय कदम यह रहा कि कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने कक्षा एक के नन्हें विद्यार्थियों



का हाथ थामकर उन्हें कक्षा तक पहुँचाया, उनका मार्गदर्शन किया और विद्यालय की गतिविधियों में सम्मिलित होने में मदद की जिससे नए विद्यार्थियों का संकोच दूर हुआ और वे सहज महसूस करने लगे।

### विद्यालय द्वारा उठाया गया अभिनव कदम




3R's में रिफ्यूज को सम्मिलित करते हुए 4 R's की नई अवधारणा के अंतर्गत प्लास्टिक, जंक फूड, गंदगी, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग, अभद्र भाषा, नकारात्मक सोच तथा बुरी संगत को ना कहने की स्वस्थ परंपरा की शुरुआत की गई। जब रिफ्यूज को प्राथमिकता दी जाएगी, तब रिड्यूस, रीयूज और रिसायकल की आवश्यकता स्वाभाविक रूप से समाप्त हो जाएगी।

## विशेष उपलब्धियाँ

एशियन सिख गेम्स इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कविश गुप्ता ने जीता स्वर्ण पदक।





**विद्यालय के लिए गर्व का क्षण :** एनसीसी कैडेट्स ने फ्लाइंग ट्रेनिंग में सीखे नए गुर।



बूथ डिजाइन आर्ट प्रतियोगिता में रिद्धिमा दाधीच का शानदार प्रदर्शन।

### विद्यालय शिक्षा सचिव की कलम से-

हर सुबह एक नया अवसर है, बस खुद पर विश्वास रखो। –CA Radha Mohan Kacholia
Hon. Secretary

Scan the QR for the Video

## फागोत्सव



विद्यालय में होलिका के पावन पर्व पर बड़े ही उल्लास और उमंग के साथ फागोत्सव मनाया गया। माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से शुभारंभ हुए इस उत्सव में प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकगणों ने अपने भाव विभोर कर देने वाले गीत, कविता, नृत्य और फाग के रस भरे गीतों से उपस्थित जनसमूह को आह्लादित कर दिया। चंग, मंजीरे और ढोलक की थाप पर फाग की जुगलबंदी ने होली एवं फाग की पारम्परिक संस्कृति को जीवन्त रूप प्रदान कर दिया। विद्यालय मानद सचिव श्री आशीष मंत्री, भवन मंत्री श्री रवि पेड़ीवाल, प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने गुलाल के साथ पुष्पवर्षा करते हुए सभी को इस सौहार्द के पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## प्रवेशोत्सव



दिनांक 23 मार्च को विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया गया। उत्सव में विद्यालय मानद सचिव श्री आशीष मंत्री, प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ, उप प्राचार्या एवं प्राथमिक विभाग प्रभारी ने कक्षा एक के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा ड्राइंग किट और रंगों के पैकेट वितरित किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्केच शीट पर 'मेरा विद्यालय का प्रथम दिन' विषय पर रंगों के माध्यम से अपनी भवनाओं को अभिव्यक्त किया।

## पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का ग्रेजुएशन डे एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम



दिनांक 17 मार्च 2026 को विद्यालय के कौटिल्य सभागार में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का ग्रेजुएशन डे समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय मानद सचिव श्री आशीष मंत्री ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए सभी विद्यार्थियों को आगामी कक्षाओं में प्रवेश के साथ ही उज्ज्वल भविष्य की शुभकाननाएँ दी। कार्यक्रम में विद्यार्थी मंच पर अपना वार्षिक प्रगति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर उत्साहित नजर आए।

समारोह के साथ ही कक्षा एक में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी रखा गया, जिसमें प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने अभिभावकों को विद्यालय की प्रबंधन समिति, प्रशासन, आधारभूत संरचना, उद्देश्य, गतिविधियों तथा नियमों से अवगत करवाया तथा अभिभावकों की जिज्ञासाओं पर चर्चा की।



## महावीर जयंती उत्सव



''अहिंसा परमो धर्मः'' इसी ध्येय वाक्य को सार्थक बनाते हुए जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी के जन्म दिवस महावीर जयंती पर तीन दिवसीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, Peace Rally, Wall of kindness, Collage making के माध्यम से भगवान महावीर स्वामी के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला।

# New Session, New Goals, New Dreams




## Parent's Orientation Session 2026-27




**"Let's make this year unforgettable."**

ECMS 1926

# दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

## एमपीएस संस्कृति, जगतपुरा ✆ 90249 15297, 95099 80048

mps Sanskriti®
Pre Primary School



॥ श्री महेश्वराय नमः॥

# श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन "आनन्दम"

**बी - 173-174, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर, जयपुर- 302021**

ई-मेल : anandamvaishalinagar@gmail.com




## अत्याधुनिक सुविधा संपन्न

- 28 वातानुकूलित कमरे (98 बेड व्यवस्था सहित )
- पूजा रूम , एक मिनी हॉल एवं किचन
- 2 सर्विस रूम
- 1 वातानुकूलित सुसज्जित बैंक्विट हॉल (प्रथम तल )
- 1 वातानुकूलित डॉयनिंग हॉल
- 2 किचन स्टोर रूम सहित
- सम्पूर्ण भवन में CCTV सुविधा
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लाकर एवं इण्टरकॉम सुविधा
- रेसिप्टिनिस्ट एवं हाउस कीपिंग स्टाफ , सिक्योरिटी गार्ड की सुविधा उपलब्ध

| | |
|---|---|
| **Ground Floor** | Dining Hall+ 1 Kitchen |
| **First Floor** | Banquet Hall+1 AC Room |
| **Third Floor** | 8 AC Bed Room With 26 Beds (4 Rooms with 4 Bed+ 2 Rooms with 3 Bed +2 Rooms with Double Bed) +1 Mini Hall+1 Kitchen |
| **Fourth Floor** | 10 AC Bed Room With 36 Beds (7 Rooms with 4 Bed+ 2 Rooms with 3 Bed +1 Rooms with Double Bed) +1 Pooja Room+ 1 Utility Room |
| **Fifth Floor** | 10 AC Bed Room With 36 Beds (7 Rooms with 4 Bed+ 2 Rooms with 3 Bed +1 Rooms with Double Bed) +1 Pooja Room+ 1 Utility Room |

## सदस्यता विवरण

| क्रम | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| 1 | आजीवन सदस्य | 11 लाख रूपए या उससे अधिक |
| 2 | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख से 11 लाख के मध्य |
| 3 | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख से 5 लाख के मध्य |
| 4 | प्रमुख सदस्य | 1 लाख से 3 लाख के मध्य |
| 5 | साधारण सदस्य | 11000 से 1 लाख के मध्य |

**चेक इन टाइम 12 :00 PM** **चेक आउट टाइम 9 :00 AM**

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

Anandam

**सी ए रोहित माहेश्वरी (परवाल )**
महामंत्री

## तदर्थ समिति

**विष्णु लड्ढा** (वैशाली नगर) — चेयरमैन (निर्माण)

**राधेश्याम काबरा** — चेयरमैन (वित्त)

**हरीश मालू** — सचिव (निर्माण)

**हरीश भराड़िया** — सचिव (वित्त)

**विकास मोहता**(चित्रकूट) — समन्वय (भवन)

**रमेश कुमार भैया** — प्रशासक 9982082160

## नवदाम्पत्य वर-वधू को आशीर्वाद व मंगलमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएँ

| दिनांक | वर | वर के पिता/माता | वधू | वधू के पिता/माता |
|---|---|---|---|---|
| 14.03.2026 | सिद्धार्थ | श्री के. एस. | सौम्या | श्री प्रसन्न माहेश्वरी |
| 19.03.2026 | दीपांशु | श्री कमल किशोर जाखोटिया | दिव्या | श्रीमती हेमलता फलोड़ |
| 26.03.2026 | वत्सल | श्री मधुसूदन मांधनिया | वंशिका | श्री राजेश कुमार |
| 26.03.2026 | उत्कर्ष | श्री राजूनारायण | रूही | श्री लक्ष्मीनारायण झंवर |
| 27.03.2026 | नितिन | श्री हेमप्रकाश बाहेती | सिमरन | श्री मनोज कुमार |
| 27.03.2026 | शिवम | श्री होमचन्द | आकांक्षा | श्री अशोक सोमानी |
| 04.04.2026 | अर्पित | श्री रोशन परवाल | साँची | श्री सुरेश माहेता |
| 05.04.2026 | डॉ. प्रशांत | श्री नरेश कोठारी | डॉ. अंजलि | डॉ. दिनेश माहेश्वरी |
| 15.04.2026 | हर्ष | श्री राधेश्याम सोमानी | राधिका | श्री बृजमोहन चांडक |
| 15.04.2026 | अक्षत | श्री राजेन्द्र भुराड़िया | काव्या | श्री सुनील कुमार |

समाज बन्धुओं द्वारा अपने पुत्र-पुत्री के परिणयोत्सव एवं वैवाहिक वर्षगाँठ के शुभ अवसर पर समाज को आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु आभार

| सहयोगकर्त्ता | राशि |
|---|---|
| श्री मधुसूदन मांधनिया | 5,100 |
| श्री नरेश कोठारी | 5,100 |
| डॉ. दिनेश माहेश्वरी | 5,100 |
| श्री सुरेश मोहता | 5,100 |
| श्री राकेश तोषनीवाल | 5,100 |
| श्री अशोक सोमानी | 5,000 |
| श्री कमल किशोर जाखोटिया | 2,100 |
| श्रीमती हेमलता फलोड़ | 2,100 |
| श्री हेमप्रकाश बाहेती | 2,100 |
| श्री प्रसन्न माहेश्वरी | 2,100 |
| श्री लक्ष्मीनारायण झंवर | 1,100 |

## टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न



रामजीदास मोदानी फाउंडेशन और शैल्बी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें 70 बालिकाओं के सवाईकल कैंसर नियंत्रण हेतु टीके लगाए गए।

इस अवसर पर डॉ. संजय विनवाल गुर्दा रोग विशेषज्ञ, यूरोलोजिस्ट और डॉ. मनीष चौधरी सीनियर फिजिशियन ने अपने-अपने विषय के बारे में स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी।



रामजीदास मोदानी फाउंडेशन एवं भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 5 अप्रेल, 2026 को सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत 9 से 26 साल तक की 60 बालक/बालिकाओं के टीके लगाये गये।

## पुस्तक श्री बाल भागवत का विमोचन



नई पीढ़ी को धर्म ग्रंथों और सनातन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बल्लभी राजराजेश्वरी 'मौसी राम' द्वारा लिखित 'श्री बाल भागवत' पुस्तक का विमोचन श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री अलबेली माधुरी शरण जी महाराज, सरस निकुंज के द्वारा पिंजरापोल गौशाला स्थित सुरभि सदन में किया गया। पुस्तक में भागवत जैसे गहन ग्रंथ को बच्चों और यंगस्टरर्स के लिए सरल, सहज और रोचक भाषा में प्रस्तुत किया है। साथ ही अनेकों प्रसंगों का चित्रांकन किया गया है। समारोह में हास्य सम्राट आर.डी. बाहेती, उद्योगपति ज्योति महेश्वरी, तेजश्री परवाल, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


**Nirmal Glasstech Industries**

*Largest Manufacturer & Exporters in India*

**Requirement**

WE REQUIRE THE FOLLOWING PERSONALS (With Minimum 5 Years Experience ) FOR OUR HIGH PRECISION ENGINEERING INDUSTRIES:-

**(A) OFFICE STAFF**

| S. NO. | CATEGORY | QTY. |
|---|---|---|
| 1. | COMPUTER OPERATOR | 02 |
| 2. | SENIOR ACCOUNTANT | 02 |
| 3. | H.R. MANAGER | 01 |
| 4. | SECURITY GUARDS | 06 |
| 5. | RECEPTIONIST | 01 |

**(B) TECHNICAL STAFF : FOR TOOL-ROOM**

| S. NO. | CATEGORY | Experience Reqd. |
|---|---|---|
| 1. | PLANT MANAGER | MIN. 15 Years |
| 2. | PRODUCTION MANAGER | MIN. 15 Years |
| 3. | CNC MACHINE PROGRAMMER | MIN. 7 Years |
| 4. | CNC MACHINE OPERATORS | MIN. 15 Years |
| 5. | CAD/CAM MECH. DESIGN ENGINEERS | MIN. 10 Years |

**CONTACT US :**

F-370-371, ROAD NO. 9F, V.K.I. ROAD, JAIPUR-302013, RAJASTHAN

Apply:- hrd@nirmalglasstech.com

M: +91-9116110016


## DID YOU KNOW ?

- AI के 'दिमाग' को क्या कहा जाता है ?
- इसे 'Neural Network' कहा जाता है-जो मानव मस्तिष्क की तरह कई परतों 'layers' में जानकारी प्रोसेस करता है।
- AI के जवाब 'तुरंत' कैसे आ जाते हैं, क्या कोई इंसान पीछे बैठा होता है ?
- नहीं, ChatGPT जैसे मॉडल पहले से प्रशिक्षित होते हैं और 'Transformer' तकनीक के जरिए शब्दों का अगला क्रम बहुत तेजी से अनुमान लगाते हैं। AI को डेटा के जरिए सिखाया जाता है, जिसे 'Machine Learning' कहते हैं। जितना ज्यादा डेटा, उतनी बेहतर समझ।

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# "उत्सव"

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

**पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर**

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com



| यूनिट | विवरण |
|---|---|
| | **ब्लॉक ए** |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष<br>अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे)<br>प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, पूजा रूम, लॉबी सहित |
| | **ब्लॉक बी** |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर<br>अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित |

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

**चैक इन टाइम – 12:00 PM**
**चैक आउट टाइम – 09:00 AM**

**संचालन समिति**
(सत्र 2025–28)

**उमेश सोनी** – अध्यक्ष
**सीए. रोहित परवाल** – महामंत्री
**सुधीर जाजू** – चेयरमैन
**सुनील बिहाणी** – महामंत्रीसचिव

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संजय बाहेती** – वाईस चेयरमैन (वित्त)
**श्यामसुन्दर तोतला** – वाईस चेयरमैन (संचालन)
**रमेश मून्दड़ा** – सह–सचिव
**बंकटलाल माहेश्वरी** – भवन मंत्री
**द्वारका प्रसाद मूंदड़ा** – कोषाध्यक्ष

सदस्य : सत्यनारायण काबरा (अम्बाबाड़ी), रामसहाय मांधना, नवीन सोमानी, विकास खटोड़।


















श्री माहेश्वरी महिला परिषद द्वारा 7 अप्रैल, 2026 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अभिनंदन माहेश्वरी भवन में समाज की महिलाओं के लिए एक विशेष 'एक दिन सिर्फ मेरे लिए' थीम पर भव्य मेडिकल एवं वेलनेस कैंप का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ. नेहा पारीक ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ विभिन्न उपचार एवं थेरेपीज उपलब्ध कराईं, जिनमें मुख्य रूप से- आयुर्वेदिक उपचार, नेचुरोपैथी, हवन, गंडूष, धूम्रपान (औषधीय), अक्षय दर्पण, ऑयल पुलिंग, साउंड हीलिंग, रोज पेटल्स मसाज, डाइटिशियन परामर्श एवं फिजियोथैरेपी आदि शामिल रहे।

यह कार्यक्रम फाइव स्टार सुविधायुक्त अभिनंदन माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया, जहां उपस्थित हर महिला के चेहरे पर एक अलग ही संतोष और चमक देखने को मिली। सभी ने यह महसूस किया कि उन्होंने एक पूरा दिन अपने स्वास्थ्य और स्वयं के लिए समर्पित किया।

''स्वस्थ महिला = स्वस्थ परिवार = स्वस्थ समाज''

इसी भावना को साकार करते हुए यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

- **रजिस्ट्रेशन व्यवस्था :** वर्षा खटोड़, संगीता मूंदड़ा, अल्पना मूंदड़ा, पिंकू सोमानी।
- **नाश्ता एवं लंच व्यवस्था :** मुख्य व्यवस्था में प्रियंका गगरानी एवं उनकी टीम- कविता सोमानी, प्रिंसी मंडोवर, मनीषा चांडक।
- **माइक व्यवस्था :** चारु दरगड़।
- **डॉक्टर्स की समस्त व्यवस्थाएं :** सुनीता सोनी।

अंत में परिषद की अध्यक्ष स्नेहलता साबू द्वारा सभी डॉक्टर्स का सम्मान कर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया गया।



# 'सशक्त नारी–समृद्ध समाज' (महिला स्वावलम्बन की ओर)













## नर सेवा, नारायण सेवा :
## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

इस सेवा प्रकल्प में समाजबंधुओं के सहयोग से प्रत्येक गुरुवार को सायं 5 से 7 बजे तक जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया जाता है, जिसमें लगभग 400-500 लोग नि:शुल्क भोजन प्रसादी प्राप्त करते हैं।

**दिनांक : 19.03.2026**

**सहयोगकर्ता:** श्री

**उपस्थिति :** संयोजक श्री विकास मोहता, महामंत्री सीए. रोहित परवाल, उपाध्यक्ष (समाज) श्री पूनम चन्द भाला।





**दिनांक : 02.04.2026**

**सहयोगकर्ता:** श्री हरकचन्द जी- पूनम जी भाला

**उपस्थित :** संयोजक श्री विकास मोहता, भाला परिवार।

**दिनांक : 09.04.2026**

**सहयोगकर्ता :** श्रीमती पूजा माहेश्वरी

**उपस्थिति :** समाज संरक्षक श्री सत्य नारायण काबरा (जेडी), श्री पूनम चन्द भाला।



## नारी शक्ति वंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित



माहेश्वरी अखिल भारतवर्षीय राठी परिवार संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती रेखा-ललित राठी के जयपुर आगमन के अवसर पर जयपुर राठी परिवार और श्रीमति जमनादेवी रामदास राठी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में नारी शक्ति वंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक श्री कृष्ण कुमार राठी ने बताया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री श्रीगोपाल राठी और विशेष अतिथि डॉ. के. एल. जैन थे। समारोह में रेखा-ललित राठी को 'समाज स्वर्ण रत्न', श्रीमती पुष्पा बियानी एवं श्रीमती सुमनलता दरगड़ को 'लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड', श्री मुरलीधर राठी को 'राठी गोल्ड' एवं श्रीमती साविता राठी, श्रीमती सीता राठी को 'समाज गौरव' व श्रीमती अनीता राठी को 'राठी खेल रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयपुर माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी सहित समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**अन्न सेवा का पुण्य अवसर** **सम्पर्क सूत्र :**

श्री विकास मोहता- संयोजक, अन्न सेवा मो. नं. : 99280 82094
(भोजन प्रसादी : चपाती, दो सब्जी, अचार, मिठाई-आगरे का पेठा)

Ray-Ban ELLE VOGUE fastrack LACOSTE TOMMY HILFIGER ESPRIT

UP TO DISCOUNT FOR MAHESHWARI'S ONLY 30%*



**Mukesh Baheti**
+91 98290 48022

# Baheti Optician

WHOLESALE DEALERS IN ALL KIND OF OPTICAL FRAMES & GLASSES & GOGGLE

A-13, Mall Road, Sect-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur-13
9929076022

---

MITSUBISHI ELECTRIC *Changes for the Better*

Mitsubishi Electric Quality

eco changes for a greener tomorrow



Vikas Kumar Maheshwari

# Raj Engineers

Preferred Sales & Service Dealer For
**Mistsubishi Electric India Pvt. Ltd.**

Contact for Sale, Service, Repair, Installation of AC

502-A, Vth Floor, Gordhan Sky Mall, Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur-12
Mobile : 9828269798, 8079071116 • email : rajengjaipur@gmail.com

---

॥श्री महेश्वराय नमः॥



# आलोक झँवर

सुपौत्र स्व. श्री कन्हैया लाल जी झँवर ( घी वाले )
सुपुत्र श्री नवल किशोर झँवर
व्यवसाय : रत्न व्यवसायी एवं वास्तु सलाहकार
म.नं. 8, शिव मार्ग, राजभवन के पीछे, सिविल लाईन्स, जयपुर
0141-4003155 (O) मो. : 9829068442

---

ॐ ASTRO-KNOWLEDGE ॐ

# ज्योतिष आचार्या
## सीमा लोहिया



- हस्तरेखा विश्लेषण
- वास्तु परामर्श
- कुंडली विश्लेषण
- व्यापारिक समाधान
- वैवाहिक परामर्श
- कुंडली मिलान
- कैरियर समाधान
- स्पिरिचुअल हीलिंग
- न्यायिक परामर्श
- लव/अरेंज मैरिज
- संतति परामर्श

समय:
सुबह: 11am to 1 pm
शाम: 5 pm to 7:30 pm

C-23, Bhagat Singh Marg, Tilak Nagar, Jaipur - 302004
8949268569
@astroknowledge.seema

---

🙏 ओम शांति 🙏

## यह ग्रुप माहेश्वरी परिवार में किसी सदस्य के स्वर्गवास होने पर उसका मैसेज सभी माहेश्वरी परिवारों तक पहुँचाने का एक प्रयास है।

ओम शांति

इस हेतु आप मुझसे मेरे निम्न नम्बर पर **WhatsApp** करें:
**SANJAY MALPANI (MALPANI PUBLICITY) 9414063040**

ग्रुप से जुड़ने के लिए SCAN करें

**ADVERTISEMENT SERVICES FOR ALL INDIA-ALL NEWSPAPERS RADIO FM & OTHER ADVERTISING**

दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, या अन्य किसी भी इंडियन न्यूजपेपर में विज्ञापन प्रकाशित करवाने हेतु सम्पर्क करें:
**मालपानी पब्लिसिटी**
9414063040, 9314516460

---



Deepak Bhandari
+91-9829051091
+91-9460951091

WE CREATE MEMORIES

# Satkaar Event & Decorators
# Satkaar Caterers

*Your Trust & Safety is Our Responsibility*



Rahul Jajoo
+91-9828112085

Wedding Planner & Event Management (Sangeet, Birthday Parties, Get Togethers)
Outdoor Food Catering, Online Sweets & Food Service's

**Off. Add. :-** 1156, Nirwan Marg, Jhotwara Road, Jaipur
**Workshop Add. :-** 34, Bansi Vihar, Gurjar Ki Thadi, Jaipur

**Place Your Order** (Before One Day):
Paytm 9024643576 or Cash on Delivery



Web. : www.satkaarevents.com

---

# HARI OM BATTERY
## HIND MOTORS (SINCE 1965)



For Maheshwari Consumers
Installation of Car Battery, Inverter Battery & Two Wheeler Battery is FREE

DEALS IN
# EXIDE
**Authorised Distributor**
OPP. AGARWAL COLLEGE, AGRA ROAD, JAIPUR 302004
EXIDE DEALERS

घर की छत पर सोलर लगवाए
अपने घर को बनाये पावर हाउस
idea
WOW!

**HEMANT MACHHAR**
99287-89449

EXIDE BATTERY - TWO WHEELER, FOUR WHEELER & HEAVY VEHICLES
EXIDE INVERTORS & INVERTOR BATTERY • UPS BATTERY & SMF BATTERY

**HARI KISHAN MACHHAR**
94140-73249

## स्मृतिशेष स्वजनों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन

विगत दिनों समाज के कुछ बंधु/बहनों का परलोकगमन हो गया। समाज अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से उनके शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएँ प्रेषित हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।


श्री प्रेम मोहन लखोटिया
16.03.2026


श्री रामकिशन जाजू
20.03.2026


श्रीमती सुशीला झंवर
23.03.2026


श्री महावीर प्रसाद डोडिया
28.03.2026


श्री राजेन्द्र नांगलिया
28.03.2026


श्रीमती माया देवी जाखोटिया
31.03.2026


श्रीमती सुशिला देवी अजमेरा
31.03.2026


श्रीमती गीता देवी फोफलिया
31.03.2026


श्रीमती पुष्पा देवी काबरा
01.04.2026


श्रीमती नर्बदा देवी शारदा
03.04.2026


श्री संतकुमार साबू
03.04.2026


श्री गोपाल रतन कोठारी
07.04.2026


श्रीमती नांजी देवी भूतड़ा
08.04.2026


श्रीमती शारदा देवी जाजू
09.04.2026


श्री पार्थ सोमानी
09.04.2026


श्रीमती शकुन्तला देवी अजमेरा
09.04.2026


श्री बृजमोहन झंवर
11.04.2026


KAMAL DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTRE
KDRC
JAIPUR

# कमल डाइग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेन्टर

0-5, हॉस्पिटल मार्ग, एस.एम.एस. हॉस्पिटल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001

(M): 93140 24888 Ph.: 0141- 2374777, 4039727 E-mail: kdrc2374777@gmail.com

Estt since 2011



सुविधाएँ

- M.R.I.
- C.T. SCAN
- सोनोग्राफी (3D/4D)



- कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्सरे
- ईको
- ई.सी.जी.
- ई.ई.जी
- सी.टी.एम.टी.
- एन.सी.वी.
- बायोप्सी
- एफ.एन.ए.सी.
- ऑडियोमेट्री

एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध

सभी प्रकार के बायोकेमिकल, हेमटोलोजिकल लेबोरेटरी टेस्ट की सुविधाएँ।

**निर्मल मूंदड़ा – 98290-50202**


SHRI MAHESHWARI DIALYSIS DIAGNOSTIC & RESEARCH CENTER
(A Unit of Shri Maheshwari Samaj, Jaipur)
210-ए, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर-19 फोन: 0141-2948760, 8306300304 • Email : smddrclab@gmail.com
ओपीडी (OPD)
General Medicine
Dr. Ravindra Mathur
MBBS, M.D. (General Medicine)
Senior Consultant Physician & Diabetes, Thyroid Specialist
TIMING 12:00 PM to 1:00 PM
(SUNDAY CLOSE)
Radiologist
Dr. Sahil Sharma
MBBS, MD, Radiodiagnosis
Timing 9:00AM to 12:PM
Nephrology, Hypertension & Kidney
Dr. Ajay Singh
Geetanjali Hospital MD Medicine (PGI Chandigarh), DM Nephrology (SGPGI Lucknow)
Time 8:00 Am to 9:00 AM
(Sunday Closed)
Orthopaedic
Dr. Gaurav Vaishnav
MBBS, DNB (Ortho)
Robotic Joint Replacement Surgeon
Fortis hospital
Timing : 4.00 PM to 5.00 PM
Urologist
Dr. Naman Singhal
MBBS, MCH (Urology)
Timing : 4 PM to 5 PM
(Tuesday, Thursday, Saturday)
Gynecologist
Dr Priyanka Goel
MBBS, DNB (OBG), Gold Medalist
Mahatma Gandhi Hospital, Jaipur
Laparoscopic Surgeon Fellowship in Gynecological Oncology (GCRI, Ahmedabad)
Time 5:30 PM to 6:30 PM
(Sunday Closed)
Senior Cardiologist
Dr. Deepak Agarwal
Narayana Multi-Speciality Hospital, Jaipur
MBBS,MD (General Medicine), DNB Cardiology Time 4:00 PM to 5:00 PM
(Prior Appointment)
(Sunday 9:00 AM to 10:00 AM)
(Prior Appointment)
Gynaecologist
Dr. Vinita Gupta
MBBS, DGO
Consultant Obstetrician Gynaecology
Timing 12 PM to 1 PM (Thursday Close)
Dental Care
Dr. Bharti Maheshwari
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
TIMING 9:00 AM TO 12:00 PM
(SUNDAY CLOSE)
Clinical Nutritionist & Dietician
Dr. Muskan Maheshwari
BDS, M.Sc.
(Clinical Nutritionist & Dietician)
Timing : 5:30 AM to 6:30 PM
Physiotherapist
Dr. Anoop Sharma & TEAM
BPT,MPT (Ortho), COMT
consultant Physiotherapist, Consultancy By his Team (Fortis Hospital, Jaipur)
Time 8:00 AM to 9:00 AM
(Wednesday)
Physiotherapist
Dr. Naman Mathur
BPT
Timing : 8:00 AM-2:00 PM
(Monday-Saturday)
Physiotherapist
Dr. Ruchi Sharma
BPT
Timing : 8:00 AM-2:00 PM
(Monday-Saturday)
उचित दरों पर एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
CT एवं 2D-ECHO की सुविधाएं भी रियायती दरों पर उपलब्ध
DIALYSIS
START / ₹850/-
सोनोग्राफी 450/-
प्रात: 9 से दोपहर 12 बजे तक
Digital X-Ray 200/- से शुरु
PREVENTIVE HEALTH CHECKUP खाली पेट
Special Price / ₹ 2600/-
• CBC
• LIPID PROFILE
• FASTING BLOOD SUGAR
• POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
• BLOOD UREA
• CREATININE
• URIC ACID
• VITAMIN D3
• VITAMIN B12
• T3, T4, TSH
• LIVER FUNCTION TEST
• HBAIC
• ESR
• CALCIUM
• URINE ROUTINE
• PSA (MALE) / PRL (FEMALE)
• X-Ray Chest digital
• ECG
सैंपल कलेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है, शुल्क अतिरिक्त
Blood Sugar 35/-
SGOT 50/-
Cholesterol 40/-
Creatinine 45/-
SGPT 50/-
Urine R/E 50/-
Calcium 60/-
Uric Acid 60/-
CBC 120/-
E.C.G. 100/-
Thyroid Profile 300/-
CRP 150/-
Liver Function 250/-
Hb A1C 250/-
Lipid Profile 300/-
RFT 450/-
CARDIO DIABETES PACKAGE खाली पेट
Special Price / ₹700/-
CBC • FASTING BLOOD SUGAR
POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT
WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)
Special Price / ₹1299/-
CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST
MRI 1.5, 3.0 Tesla से
Special Price / ₹3500/-
PHYSIOTHERAPHY
START / ₹250/-
• Assessment and Diagnosis
• Rehabilitation Sessions
• Individualized Treatment Plans
लैब का समय
प्रातः 8 बजे से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे (रविवार)
ब्लड कलैक्शन सेन्टर
महेश सत्संग भवन, नियर जे.पी. अंडरपास, महेश कॉलोनी 0141-3517910, 8306300165
87, सरती नगर, जनपथ, श्याम नगर 0141-4924112
कलैक्शन सेन्टर्स का समय
प्रात: 8 बजे से सायं 4 बजे तक
संचालन समिति (2025-28)
उमेश सोनी
अध्यक्ष
सीए. रोहित परवाल
महामंत्री
डॉ. महेश भूतड़ा
स्वास्थ्य मंत्री
लक्ष्मी नारायण मोदानी
प्रशासनिक सचिव
9460069917




स्वत्त्वाधिकारी श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के लिए प्रकाशक- मुद्रक रोहित माहेश्वरी, महामंत्री द्वारा रेनबो प्रिन्टर्स, जयपुर से मुद्रित एवं श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302003 से प्रकाशित।
सम्पादक- मधु भूतड़ा



## शिकायत

प्रति,
श्रीमान डाकपाल महोदय,

उक्त पत्रिका प्राप्तकर्ता को इसी पते पर प्रतिमाह पोस्ट की जाती है लेकिन विगत कई माह से लगातार 'जयपुर माहेश्वरी पत्रिका' प्राप्तकर्ता को नहीं मिल रही है। विशेष सतर्कता के साथ वितरण करावें। शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है।

सम्पादक, जयपुर माहेश्वरी पत्रिका